## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

## शहर में आज



☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

☞ मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में शनिदेव की पूजा-अर्चना शाम 6:30 बजे।

# रजा डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव पर रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी रस्तोगी, प्राचार्य डा.दीपा अग्रवाल, समन्व्यक डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, मेधावियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को हुए वार्षिकोत्सव एवं अलंकरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत, विद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी रस्तोगी, प्राचार्य डा.दीपा अग्रवाल, समन्व्यक डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने रीबन काटकर और दीप प्रज्व्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित होकर मेधावियों के चेहरे खिल गए।

भीषण गर्मी में कालेज परिसर में बने मंच पर अतिथि और मेधावियों समेत दर्शक पसीना-पसीना होते रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत बैज लगाकर, बुके व स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया। नैंसी, पूजा, सेजल एवं तरुण ने स्वागत गीत, सरस्वती वन्दना और महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को उनके वर्ष भर किए गए अकादमिक के लिए क्रीड़ा, एनएसएस व एनसीसी से संबंधित शिक्षणेत्तर गतिविधियों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी रस्तोगी ने महाविद्यालय से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा करते हुए छात्र- छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्हें देश एवं दुनिया के लिए एक कामयाब हस्ताक्षर बनने हेतु प्रेरित किया।

सत्र-2023-24 में विभिन्न संकायों में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता छात्र-छात्राओं हिंदी में राहुल सैनी, अंग्रेजी में अनम बी, उर्दू में आयशा सिराज, राजनीति विज्ञान में तानिया सिंह, इतिहास में विकास, भूगोल में अमित दिवाकर, मनोविज्ञान में इकरा नवाज, अर्थशास्त्र में मरियम मोअज्जम, गणित में भूरा सिंह, वाणिज्य में मिदहत अफजाल, रसायन में लेबा नूर, भौतिक विज्ञान में अदिति शुक्ला, जंतु विज्ञान में कुमारी तूबा, वनस्पति विज्ञान में अवंतिका यादव एवं बीएड विभाग से स्नेहा शर्मा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर अलंकृत किया गया। संचालन डॉ. अरशद रिजवी ने किया।



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



ट्रॉफी के साथ मेधावी, प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डा. माधुरी रस्तोगी। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### यह खिलाड़ी हुए सम्मानित

वार्षिक क्रीड़ा समारोह में छात्रों में आफताब नवाज, अनस अली, साद अली खान, अमन यादव, विकास सिंह एवं को अलंकृत किया गया। छात्रा गरिमा, निशा तथा विवि की टीमों में चयनित कप्तान मोहम्मद शमी, एनएसएस के भूरा कुमार, पंकज कुमार, दानिश हुसैन एवं इल्मा मूवीन को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थियों, एनसीसी के कैडेट्स अरविंद, कमल सिंह, तुषार सक्सेना, रूबी कुमारी इत्यादि को अलंकृत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट फिजिक के लिए शहवाज अली खान को पुरस्कृत किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

डा. बेबी तबस्सुम, डा. प्रदीप कुमार, ड. अब्दुल लतीफ, डा. जागृति मदान धींगड़ा, डा. बेबी नाज, डा. मोनिका खन्ना, डा. नासिर, डा. कामिल, डा. निधि गुप्ता, डा. वंदना शर्मा, डा. मीनाक्षी गुप्ता, डा. रेशमा परवीन, डा. कैफ मियां, डा. नरेश कुमार, डा. प्रवेश कुमार, डा. सीमा तेवतिया, डा. प्रमोद, डा. एसएस यादव, डा. अरुण कुमार, डा. जहांगीर आदि।

## एक नजर

### गुमशुदा को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**रामपुर, अमृत विचार :** घर से अचानक गायब हुए युवक को केमरी पुलिस ने तलाशने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। उल्लेखनीय है कि 25 मई को कस्बा केमरी निवासी राजीव कुमार घर से बिना बताए चला गया था। इस सम्बन्ध में 27 मई को परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने गुमशुदा राजीव को ग्राम मीरपुर जिला बरेली से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### एएसपी ने टांडा क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** एसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने थाना टांडा पर अर्दली रूम लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अर्दली रूम के पश्चात अपराध नियंत्रण, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस के साथ पैदल गश्त की।

# प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रोडवेज पर आयोजित शीतल जल सेवा शिविर के आठवें दिन भी यात्रियों को स्काउट-गाइड ने पानी पिलाया। इस मौके पर स्वाति मेंथाल के डायरेक्टर एसके गुप्ता ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बहुत पुण्य का कार्य है।

शुक्रवार को रोडवेज बस अड्डे पर स्वाति मेंथाल के डायरेक्टर एसके गुप्ता, पूर्व शिक्षक विधायक रामबाबू शास्त्री, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, कपिल आर्य ने यात्रियों को शीतल जल पिलाया। इसके बाद परिसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि एसके गुप्ता ने कहा कि तपती गर्मी में यात्रियों को पानी पिलाने के लिए निशुल्क शीतल जल शिविर आयोजित किया। धन्य हैं वह माता-पिता जिन्होंने अपने बच्चों को सेवा कार्य के लिए समर्पित किया है।

इस अवसर पर सुखविंदर सिंह ढिल्लो, गुरप्रीत सिंह ढिल्लो, हरप्रीत सिंह सिद्धू, नरेंद्र सिंह, सतविंदर कौर, अमरीक सिंह, प्रधानाचार्य डा. रूपा अग्रवाल, सुभाष चंद्र यादव, राहुल जैन, प्रमोद कुमार, विनय गर्ग, जमाल फात्मा, प्रेमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला संगठन आयुक्त नरवन्त कौर और जीतू कुमार ने किया।



रोडवेज परिसर में राहगीरों को पानी पिलाते डायरेक्टर एसके गुप्ता। ● अमृत विचार

- **जल सेवा शिविर के आठवें दिन भी स्काउट-गाइड ने यात्रियों को पिलाया शीतल जल**

## लू का प्रकोप देख बदला गया मदरसों का समय

**रामपुर, अमृत विचार :** लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मदरसा शिक्षा बोर्ड ने राज्यानुदानित व मान्यता प्राप्त मदरसों का समय बदल दिया गया है। एक से 15 जून तक समय सुबह 6:30 से 10:30 बजे कर दिया है। लेकिन मदरसे के शिक्षक व कर्मचारी पूर्वाह्न 11:30 तक ही रुकेंगे।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग ने तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए जारी की गई एडवाजरी के तहत उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार, निरीक्षक ने मदरसों की समय सारिणी में फेरबदल कर दिया है। इसके तहत एक से 15 जून तक मदरसों में शैक्षणिक कार्य सुबह 6:30 से 10:30 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान मध्यावकाश स्थगित रहेगा। मदरसे के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह 11:30 बजे तक मदरसे में उपस्थित रहेंगे।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां को सजा नाइंसाफी की चरम सीमा : डॉ. तजीन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद डा. तजीन फातिमा ने कहा कि लड़ाई हम आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। कहा कि डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा नाइंसाफी की चरम सीमा है। मीडिया से शिकायत है कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले को फर्जी लिख रही है। कहा कि हमने चुनाव पर नजर डाली ही नहीं है, अभी हम अपने मुकदमों में घिरे हुए हैं।

जिला कारागार से जमानत पर छूटने के बाद पूर्व सांसद ने शुक्रवार की दोपहर टंकी नंबर पांच स्थित मोहल्ला घेर बाज खां में अपने आवास पर पत्रकारों से लोकसभा चुनाव के किसी भी सवाल पर कोई कमेंट करने से इंकार कर दिया। कहा कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में उन्हें मीडिया से भी शिकायत है। मीडिया मुकदमे के बाद भी लिख रही है फर्जी जन्म प्रमाण पत्र। उन्होंने कहा कि यहां पर मैं इस बात को बिल्कुल साफ कर देना चाहती हूं कि इसमें कोई भी चीज फर्जी नहीं है। यह एक गलती में सुधार कराने की कोशिश की गई बल्कि, सुधार कराया गया है। जो प्रमाण पत्र यहां से बनवाया गया उसे निरस्त कराया गया। इसके बाद ही लखनऊ से इश्यू किया हुआ असली प्रमाण पत्र लगाया गया। सारे प्रमाण पत्र मेरे पास हैं। वक्त आने पर दिखा दूंगी।

कहा कि सभी मुकदमे फर्जी लिखाए गए हैं। नाम नहीं लेते हुए मंडलायुक्त पर निशाना साधते हुए कहा कि एक अधिकारी के यहां हर आधे-आधे घंटे के बाद एफआईआर लिखी गई हैं। डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा और 14 लाख रुपये जुर्माना करने के जवाब में कहा कि कल गुरुवार को जो आजम साहब को सजा हुई है वह नाइंसाफी की चरम सीमा है। डूंगरपुर मामले में उनका कहीं नाम नहीं है। झूठे गवाहों के आधार पर उन्हें सजा दे दी गई।



शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से रूबरू पूर्व सांसद डा. तजीन फातिमा।

# बारिश से पहले नालों की सफाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मानसून से पहले नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने शहर के नालों की सफाई शुरू कर दी है। ताकि लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

शहर के ताश्का, चीनी मिल, तोपखाना रोड, गांधी समाधी, माला रोड, नोवा हॉस्पिटल रोड, जेल रोड, डिग्री कॉलेज, दोमहला रोड पर चल रही नालों की सफाई का समाजेसवी सैयद फैसल हसन ने जायजा लिया। उन्होंने नालों से निकली कीचड़ उठाने को कहा। दो स्थान पर कुछ कमियां भी मिलीं। नालों से निकली गई कीचड़ सड़क पर पड़ी थी, जो सूख चुकी थी। उसे उठाया नहीं गया था। इसके लिए तत्काल टीम को बुलाकर उठाया गया।

उन्होंने बताया कि पालिकाध्यक्ष सना मामून ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालों की सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। शहर में कई कालोनियों में जलभराव की समस्या है। अधिक बारिश होने पर नाले उफन जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पालिका ने पहले ही नालों की तलीझाड़ सफाई कराने का कार्य शुरू कर दिया है।



जेल रोड पर नाले की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **जलभराव से निपटने की तैयारी कर रही नगर पालिका**
- **कर्मचारियों ने सड़क पर ही छोड़ दी नालों से निकली कीचड़**

## एक से 21 जून तक होगा योग का प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** फिजिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य जमील अहमद ने बताया कि इस बार भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस 24 की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग रखा गया।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में एक से 21 जून तक 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर होगा। शिविर का आयोजक सचिव जिलेश कुमार को बनाया गया है। इसमें मुख्य रूप से अंतर योग संस्थान की प्रशिक्षक अंतरा यादव एवं जिला योगासन खेल संघ की सचिव मीनाक्षी रानी प्रशिक्षण देंगी। तैयारी की बैठक में राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी डॉ.अनूप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती के प्रवक्ता मनोज कुमार, मीनाक्षी रानी, जावेद खां, विमल कुमार, मनीष, प्रीतेश, योगेश आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज कुलदीप सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। तंबाकू नियंत्रण बोर्ड के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर धूम्रपान से होने वाले नुकसान के विषय में जानकारी दी। कहा कि तम्बाकू के सेवन से न केवल कैंसर होता है बल्कि, हृदयरोग, मधुमेह, टीबी, अभिघात, दृष्टिविहीनता, फेफड़े के रोग एवं श्वास संबंधी रोग भी होते हैं। उत्तर प्रदेश कैंसर के मामलों में अग्रणी राज्यों में एक है। खैनी, जर्दा, पान मसाला एवं अन्य धुआं रहित तंबाकू में चार हजार से अधिक विषैले और कैंसर के तत्व मौजूद होते हैं।

जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार विश्व तंबाकू निषेध दिवस के विषय पर तहसील सदर के सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला जज कुलदीप सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ. शहजाद हसन खां ने कहा कि तंबाकू सेवन से मुंह में कैंसर हो सकता है। तहसीलदार ने तहसील से संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। बताया कि सरकार द्वारा बहुत सी लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ व्यक्ति जानकारी के अभाव में नहीं ले पा रहे हैं। इसलिए इन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना आवश्यक है। कुलदीप सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जा सकता है।



तहसील सदर में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

- **विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर लोगों को किया जागरूक**

# छेड़खानी में चार दोषियों को तीन-तीन साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ छेड़खानी करने और उसका वीडियो वायरल करने के मामले में चार दोषियों को एडीजे आठ की कोर्ट ने तीन-तीन साल की कैद और 1.34 लाख रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि कुछ साल पहले उनकी बेटी को रिफाकत, मनिहारन, साजिया, बदरु और रानी अपने साथ ले गए थे। उन्होंने किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ छेड़खानी की थी। इस दौरान वीडियो भी बना ली थी। इसके बाद वीडियो दिखाकर बदनामी कर रहे थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिफाकत, सादिया, रानी और बदरु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी रिफाकत और बदरु को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की कैद और 31-31 हजार रुपये जुर्माना सुनाया। जबकि सादिया और रानी को भी तीन- तीन साल की कैद और 36-36 हजार का जुर्माना लगाया है।

### फैसला

- **सभी दोषियों पर लगाया 1.34 लाख रुपये का जुर्माना**
- **दोषियों में दो महिलाएं भी शामिल टांडा थाना क्षेत्र में हुई थी घटना**

**दिक्कत** सराय गेट में रात दो बजे लाइन में हुआ था फॉल्ट, रातभर परेशान रहे उपभोक्ता

# ट्रांसफार्मर की लीड जली, छह घंटे ठप रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सराय गेट के चौराहे पर रखे 400 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड जलने से विद्युापूर्ति छह घंटे ठप रही। सुबह आठ बजे विद्युापूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

सराय गेट क्षेत्र की बिजली 18एमवीए के रजा उपकेंद्र से आती है। इसमें छह फीडर हैं, जिनसे नालापार, कटकुइयां, हजरतपुर, मोरी गेट, मिस्टन गंज और सेती को विद्युापूर्ति होती है। गुरुवार की देर रात एक बजे एक फेज नहीं आने की शिकायत उपभोक्ताओं ने दर्ज कराई थी। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर खराबी को दुरुस्त कर दिया। जब विद्युापूर्ति सुचारु कराई तो इन तारों से निकली चिंगारी ट्रांसफार्मर से निकल रहे तेल पर गिर गई और लीड में आग लग गई। क्षेत्रवासियों ने आनन-फानन में इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने किसी तरह पर काबू पाया।

जेई सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि देर रात करीब एक बजे ट्रांसफार्मर की लीड में आग लग गई थी। इसके चलते सराय गेट क्षेत्र के 250 उपभोक्ताओं को छह घंटे बिजली संकट झेलना पड़ा। विद्युतापूर्ति सुबह आठ बजे सुचारु करा दी गई।



लीड में लगी आग बुझाते अग्निशमनकर्मी। ● अमृत विचार

> 'रात एक बजे तारों से चिंगारी निकलने के कारण ट्रांसफार्मर की लीडें जल गईं थीं। इसलिए आपूर्ति दो से सुबह आठ बजे तक ठप रही। खराब लीडों को सही करने में समय लगा। अब विद्युापूर्ति सुचारु करा दी गई है। -पीके सिंह, एसडीओ द्वितीय'

### पैनल बॉक्स का गेट हैंड लॉक भी गायब

सोशल एक्टिविस्ट मोहम्मद राकिम खां ने कहा कि 400 केवीए के ट्रांसफार्मर की 11000 लाइन के तीनों जम्पर खस्ता हाल है। पैनल बॉक्स का गेट हैंड लॉक भी गायब है। सेफ्टी जाल में हैंडल लॉक गायब है। ताला भी नहीं है। पेड़ के पत्ते खाने के लिए जानवर घुसते हैं। ट्रांसफार्मर से लगातार तेल बाहर निकल रहा है। इसे सही कराने में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा हीलाहवाली बरती जा रही है।




प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद स्काउट गाइड लीडर। ● अमृत विचार

# ट्रेकिंग से मजबूत होता है शरीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल लेवल नेचर स्टडी कम ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन स्काउट और गाइड का जाबली में हो रहे कार्यक्रम का समापन शुक्रवार की शाम सर्वधर्म प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अंतिम दिवस कार्यक्रम के लीडर महिंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। सहायक राजन कुमार ठाकुर ने कहा कि एडवेंचर और ट्रेकिंग प्रोग्राम शारीरिक रूप से मजबूत करता है। इसीलिए यह कार्यक्रम स्काउटिंग में जोड़ा गया। इस कार्यक्रम में तुषार, मंजू, गौरव, पंकज थे। प्रतिभागियों में जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनुद, जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, नितिन राजपूत, सैयद आफाक हुसैन, प्रणव कुमार, आरपी सिंह, फखरूद्दीन, उदय सिंह, गिरिराज सिंह, श्वेता, करिश्मा, बुशरा खुशनुद, सचिन पाल आदि मौजूद रहे।





## एक नजर

### ग्रामीण की मौत में अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** हादसे में ग्रामीण की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनपद संभल के थाना हजरत गढ़ी के गांव कटोनी निवासी अजुद्दिया देवी के मुताबिक दस मई को उनके पति बिशम्बर बंदार गांव से शाहबाद की ओर आ रहे थे। रास्ते में तुरखेड़ा के निकट तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। तब उन्हें जनपद मुरादाबाद के विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपियों को घर से पकड़ लिया। इसके बाद तीनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बिलासपुर पुलिस ने आरोपी बलजीत सिंही निवासी ग्राम पैगम्बरपुर, तुलाराम व सोनू पुत्र तुलाराम निवासी पिपलिया का मझरा को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया।

# मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, दो चोर घायल

## चोरी की घटना में कुछ दिनों से चल रहे थे फरार, एसपी ने की पूछताछ

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान बाइक सवार हिस्ट्रीशीटर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों हिस्ट्रीशीटर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस को बदमाशों के पास से पांच हजार रुपये, चोरी का माल, एक बाइक, दो तमंचे व चार जीवित कारतूस मिले हैं। घायल हिस्ट्रीशीटरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जिला अस्पताल पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की।

गुरुवार की रात कोतवाल संदीप त्यागी अधीनस्थों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने गांव लखीमपुर के जंगल में बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया। इसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर दी। पैर में गोली लगने से बाइक सवार बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, चार कारतूस व छह मई की रात गांव सींगनखेड़ा के मझरा फतेहगंज से कूमल लगाकर चुराए गए पांच हजार रुपये, चांदी के आभूषण व बाइक बरामद कर ली।


आरोपी से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम स्वार कोतवाली के गांव शिवपुरी निवासी भूरा व थाना खुजरिया के गांव अहरो निवासी शाहिद बताए। दोनों हिस्ट्रीशीटर हैं। सूचना पर सीओ संगम कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्रवार की सुबह पुलिस अधीक्षक भी अस्पताल पहुंचे और आरोपियों से पूछताछ की। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल संदीप त्यागी, दरोगा नायाब खां, रोहित कुमार, रामनरेश, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल नवाब शरीफ, धर्मेन्द्र सिंह, संदीप कुमार व विकास सिंह शामिल रहे।

### दोनों को काफी समय से तलाश रही थी पुलिस

स्वार पुलिस का कहना है कि दोनों बदमाशों को काफी समय से तलाश किया जा रहा था। स्वार के रहने वाले भूरा पर जानलेवा हमला व चोरी से जुड़े करीब 21 मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथी शाहिद पर भी 12 मुकदमे हैं। इनमें लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट व जुआ अधिनियम के मामले शामिल है।

> भूरा स्वार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर थाने में हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, चोरी आदि के 21 मुकदमे दर्ज है। शाहिद खुजरिया थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर भी विभिन्न धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज है। दोनों हिस्ट्रीशीटरों ने गांव सींगनखेड़ा के गांव मझरा फतेहपुर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
>
> – संदीप त्यागी, स्वार कोतवाल

# मायके में रही महिला की मौत, कोहराम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न करने पर घर से मारपीट कर निकाली गई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।


फिजा फाइल फोटो।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसखेड़ा का है। यहां रहने वाली फिजा के भाई भाई अफसर अली ने बताया कि उसकी बहन का निकाह चार वर्ष पूर्व मुरादाबाद जनपद के काजीपुरा गांव निवासी फरीद से हुआ था। निकाह में उन्होंने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था परन्तु उसका पति और ससुराली इससे खुश नहीं थे। आरोप है कि शादी के छह माह बाद ही उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। पंचायत के बाद उसकी बहन ससुराल चली गई। इसके बाद भी उसका पति मारपीट कर उसे घर से निकाल देता था। इसके चलते फिजा तीन वर्षों से मायके में रही थी। उसने ससुरालियों पर मुकदमा करा दिया था। आरोप है कि उसका जीजा उसकी बहन की कनपटी पर तमंचा रखकर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। तभी से उसकी बहन सदमे में थी।


मृतका के परिजनों से जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**दुखद**

- मृतका के भाई ने पति व ससुरालियों पर लगाए गंभीर आरोप
- सूचना पर पहुंची पुलिस, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम को किया इंकार

अफसर अली के अनुसार उसकी बहन की तबीयत खराब चल रही थी। उसका गांव में ही उपचार चल रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे उत्तराखंड के हल्द्वानी ले जा रहे थे। मगर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर उप निरीक्षक चंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया।

# शादी का झांसा देकर किया शोषण, नौ लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, भोजीपुरा/ बरेली

- अश्लील वीडियो दिखाकर करा दिया युवती का तलाक

**अमृत विचार :** युवक ने शादी का झांसा देकर पड़ोस की युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह कर दी तो उसने अश्लील वीडियो उसके पति को दिखाकर तलाक करा दिया। भोजीपुरा पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोपी अनवर रजा ने पड़ोस की युवती को शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाए, साथ ही उसके अश्लील वीडियो बना लिया। जब युवती ने शादी की बात की तो उसके परिवार ने इंकार कर दिया। युवती के परिवार वालों ने उसकी शादी दूसरी जगह कर दी। आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो उसके पति को दिखाकर तलाक करा दिया। युवती ने आरोपी अनवर रजा के परिजनों से शिकायत की और उससे शादी करने को कहा। इससे आक्रोशित युवक ने परिजनों के साथ मिलकर युवती से मारपीट की। युवती अपने परिजनों के साथ एसएसपी से मिली और घटना का शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए। भोजीपुरा पुलिस ने कप्तान के आदेश पर अनवर रजा, शहंशाह वली, गुड़िया, मुस्तफा, नौशाद, सद्दाम, तौहीद परवेज,जहीर उद्दीन निवासी रुस्तम नगर थाना शाहबाद जिला रामपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अब ओवरहेड टैंक से नहीं होगी पानी की बर्बादी, लगेगा वॉल्व

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में पानी धीमा और कम आने की शिकायत अब दूर होने वाली है। नगर पालिका के ओवर हेड टैंक को बेहतर बनाने का कार्य कराया जाएगा। ओवर हेड टैंक में नया वॉल्व लगवाया जाएगा।

ओवर हेड टैंक फुल होने पर जो पानी अभी तक टंकी से नाली और नालों में बह जाता था, अब वह सीधे पाइपलाइनों से होकर लोगों के घरों तक पहुंचेगा। इससे घरों की टंकी में तेज प्रेशर से पानी आ सकेगा। इसके लिए पाइप लाइन में एक वॉल्व लगाया जाएगा। पालिका के गेट पर एक बड़ा ओवरहेड टैंक है। इससे कई घरों, प्रतिष्ठानों में पेयजल की आपूर्ति जाती है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पानी की स्पीड को बेहतर बनाने के लिए मतगणना के बाद कार्य किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने पर मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बिजनौर में तैनात मिलक के हेड कांस्टेबल की भीषण गर्मी से मौत

संवाददाता, मिलक/बिजनौर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते मिलक निवासी हेड कांस्टेबल की उपचार के दौरान मुरादाबाद में मौत हो गई। शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हेड कांस्टेबल की मौत से पुलिस विभाग में शोक व्याप्त हो गया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मूल रूप से मिलक क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी 55 वर्षीय राकेश शर्मा वर्तमान में स्टेशन रोड मोहल्ला नई बस्ती में रहते थे। वर्तमान में वह बिजनौर के रेहड़ थाने में हेड कांस्टेबल थे। गुरुवार को भीषण गर्मी के चलते अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। साथी पुलिस कर्मी उन्हें अफजलगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य ले गए। चिकित्सकों ने नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसओ धीरज सोलंकी व अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। शुक्रवार की सुबह राकेश शर्मा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनके शव को मिलक लाया गया। जहां पुलिसकर्मियों ने सलामी दी। इसके बाद उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। राकेश शर्मा के परिवार में पत्नी के अलावा तीन पुत्री व एक पुत्र हैं। एक पुत्री और पुत्र अविवाहित हैं।

एसओ रेहड़ धीरज सोलंकी ने बताया कि गुरुवार को भीषण गर्मी के चलते राकेश शर्मा की हालत बिगड़ गई। शुक्रवार को मुरादाबाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों के अनुसार राकेश की मौत हीटस्ट्रोक से हुई है। जबकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है।


हेड कांस्टेबल के पार्थिव शरीर पर फूल चढ़ाते अधिकारी। ● अमृत विचार


हेड कांस्टेबल के पार्थिव शरीर को सलामी देते सिपाही। ● अमृत विचार

### डेढ़ वर्ष पूर्व रेहड़ थाने में हुई थी तैनाती

एसओ धीरज सोलंकी ने बताया कि राकेश शर्मा चालक के पद पर तैनात थे। डेढ़ वर्ष पूर्व रेहड़ थाने में उनकी तैनाती हुई थी। परिजनों ने बताया कि राकेश ने अपने जीवन के 55 वर्ष पूरे कर लिए थे। वह 2029 में वह सेवानिवृत्त होने वाले थे।

### अंतिम संस्कार में यह रहे शामिल

मिलक निवासी पुलिस के अंतिम संस्कार में एसओ रेहड़ धीरज सोलंकी, एसएसआई भीमसेन, क्षेत्राधिकारी मिलक रविन्द्र प्रताप सिंह, कोतवाल धनंजय सिंह, एसएसआई भीमसेन तथा रेहड़ थाने के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### परिजनों ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

राकेश की मौत के बाद परिजनों ने कार्रवाई की मांग की। उच्चाधिकारियों द्वारा उनकी सभी मांगें माने जाने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मिलक लाया गया।अधिकारियों ने अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

**अनदेखी** मंडी समिति के बाहर जाम की समस्या का निस्तारण करने को तैनात किए गए हैं छह गार्ड

# ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ाने से लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंडी समिति प्रशासन की अनदेखी के कारण ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। इससे यहां सुबह के समय काफी देर तक जाम लगा रहता है। प्रशासन की ओर से लगातार दावे किए जा रहे हैं कि जाम की समस्या से निपटने लिए छह गार्ड की तैनाती की गई है। इसके बाद भी जाम की समस्या से आढ़ती, सब्जी विक्रेताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए मंडी परिसर अधिग्रहित है। यहां चार जून को मतगणना होनी है। स्ट्रांग रूम के बाहर कड़ी सुरक्षा है। मतगणना के दिन करीब आने पर प्रशासनिक अधिकारी मतगणना स्थल का लगातार जायजा ले रहे हैं। मंडी समिति के फल व सब्जी विक्रेताओं ने परिसर के बाहर फड़ लगा लिए है। यहां जाम न लगे, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडी समिति के अधिकारियों को पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। मगर अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसका खामियाजा फल व सब्जी विक्रेताओं को भुगतना पड़ रहा है।


मंडी समिति के बाहर लगा जाम। ● अमृत विचार

> मंडी समिति के बाहर जाम की समस्या से निपटने के लिए छह गार्ड तैनात किए गए हैं। इनमें से चार गार्ड अलग-अलग जगह तैनात हैं और दो गार्ड परिसर में चहलकदमी करते हैं। कुछ लोग गांव, देहातों से ई-रिक्शा में सब्जी लाते हैं। इन ई-रिक्शा को किनारे खड़ा कराने के लिए गार्ड को निर्देशित किया गया है।
>
> –मनोज सूरी, मंडी सचिव

### बेतरतीब खड़े होते हैं ई-रिक्शा

मंडी समिति के अधिकारियों ने जाम की समस्या का समाधान कराने को छह गार्ड नियुक्त किए हैं। लेकिन सुबह के समय एक भी गार्ड मौके पर दिखाई नहीं देता। इसकी वजह से आए दिन जाम लग रहा है। इसके अलावा कुछ दबंग लोगों सीमा से बाहर सामान रखकर, ई-रिक्शा खड़ा कर रहे हैं। इन पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शुक्रवार की सुबह आठ बजे मंडी परिसर के बाहर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। फल, सब्जी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर खां गुड्डू, महासचिव मोहम्मद आमिर खां ने बताया कि इस समस्या के बारे में कई बार लिखित व मौखिक रूप में बताया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस है।

# पुलिस ने कब्जे में ली तीन दिन से लवारिस खड़ी क्रेटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर तीन दिन से खड़ी लावारिस क्रेटा कार को पुलिस कोतवाली ले गई। जांच में इस पर लगी नंबर प्लेट फर्जी निकली हैं।

शुक्रवार दोपहर कुआंखेड़ा के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी कि सफेद रंग की क्रेटा कार तीन दिन से हाईवे किनारे राजकीय महाविद्यालय जाने वाले रास्ते पर खड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को क्रेन की मदद से कोतवाली ले आई। जब उसकी नंबर प्लेट से जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया तो पता चला कि नंबर प्लेट फर्जी है। पुलिस इस लावारिस कार की जांच में जुट लग गई है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में प्रेमी युगल देखा गया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के आने के पहले ही प्रेमी युगल कार छोड़कर फरार हो गया।

# पानी पीने का विरोध पर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किया चौकीदार की हत्या का खुलासा
- 25 मई को चिपड़ मशीन के टीन शैड में मिला था इरफान का शव

**अमृत विचार :** पुलिस ने चिपड़ मशीन के चौकीदार की हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि पानी पीने का विरोध करने पर उसने चौकीदार की हत्या सिर में डंडा मारकर की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमली झूले वाली निवासी मोहम्मद फाईक खां की बघी में एमएफके इंटरप्राइजेज के नाम से चिपड़ मशीन है। यहां रात की रखवाली के लिए बरेली निवासी 50 वर्षीय इरफान को बतौर चौकदार रख लिया था। 24 मई को किसी ने सिर में डंडा मारकर उसकी हत्या कर दी थी। चिपड़ मशीन के संचालक की तहरीर के आधार पर गंज पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर गंज संजीव कुमार ने बताया कि पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर चपटा कालोनी निवासी इमरान को शक के आधार पर हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। वह पहले तो इधर-उधर की बातें सुनाकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा। मगर जब सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी टूट गया। उसने चौकीदार की हत्या करना स्वीकार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह चौकीदार इरफान को अच्छी तरह जानता था। दोनों साथ में ही नशा भी करते थे। मगर बाद में इरफान उससे चिढ़ने लगा। आरोपी ने बताया कि 24 मई की रात वह चिपड़ मशीन के पास गया। उसने स्मैक का नशा कर रखा था। वह इरफान की चिपड़ मशीन के पास बनी कोठरी के बराबर स्थित हैंडपंप पर पानी पीने गया था। उसने जैसे ही हैंडपंप चलाया, तभी इरफान उसे गाली देने लगा। इससे पहले भी वह इमरान के साथ कई बार गाली-गलौच कर चुका था। मगर उस दिन इरफान को उसका गाली देना बर्दाश्त नहीं हुआ। उसने डंडा उठाकर इरफान के सिर में मार दिया। इससे इरफान की मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि चौकीदार के हत्यारोपी इमरान को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### छेड़खानी में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को गांव का ही वीरेंद्र नौ मई को मिर्च के खेत में खींचकर ले गया था। आरोपी ने वहां उसके साथ छेड़खानी की थी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी वीरेन्द्र को जोगी ठेर चौराहे से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

### पुलिस ने वारंटी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना स्वार पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी इन्दर सिंह पुत्र जानकी निवासी ग्राम किशनपुर मौलागढ़ को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने वारंटी को कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया। पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके घर पर दबिश दे रही है। इससे पहले भी पुलिस कई आरोपियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश कर चुकी है।

# लोगों को तंबाकू का सेवन न करने की दिलाई शपथ

## जिला अस्पताल में हुआ कार्यशाला का आयोजन, तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में दी विस्तृत जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कार्यशाला में शामिल जिला सलाहकार व अन्य। ● अमृत विचार


रैली निकाल कर जागरूक करते एनसीसी कैडेट्स।


सीएचसी में शपथ दिलाते प्रभारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला अस्पताल में चिकित्सकों, वार्ड ब्वॉय, स्टॉफ को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा ने कहा कि सरकार द्वारा कार्यक्रम को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 के तहत दंड व जुर्माना करने का अधिकार दिया है। कोटपा की धारा चार के तहत सार्वजनिक स्थानों होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय, पार्क आदि में सिगरेट, बीड़ी या किसी अन्य ढंग से धूम्रपान करना प्रतिबंधित है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह के दिशा-निर्देशन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खान ने मरीजों एवं उनके तीमारदारों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उनसे बचाव एवं उपचार के बारे में भी जानकारी दी। डा. शहजाद हसन ने कहा कि तंबाकू के सेवन से कई ऐसी बीमारियां होती हैं, जिनका इलाज असंभव है। इलाज के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। ऐसे में लोगों को यह जानना जरूरी है कि तंबाकू का सेवन करने से कितनी गंभीर बीमारियां होती हैं। सात जून तक जिले में तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत कई जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अलावा रैली निकालकर लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर सीएमएस डा.एचके मित्रा, सोशल वर्कर तैयबा खान, रिजवान मोहम्मद खान समेत अस्पताल के वार्ड ब्वॉय और स्टॉफ नर्स शामिल रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा तंबाकू निषेध दिवस पर जन जागरुकता रैली का निकाली गई। एनसीसी कैडेट्स ने तंबाकू निषेध पर महाविद्यालय से विभिन्न गलियों में एवं मोहल्ले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कहा कि किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह विभिन्न बीमारियों को जन्म देता है। इसका फेफड़ों पर सीधा असर पड़ता है। कुछ तंबाकू कैंसर को जन्म देते हैं। बीड़ी-सिगरेट आदि टीबी को जन्म देते हैं। व्यक्ति के फेफड़े खराब होने से आयु कम होती है और अंत में यह मौत का कारण बन सकता है। शरीर के जिस स्तर पर भी वह प्रभाव डालता है वह अंग सड़ने लगता है और कैंसर का रूप ले लेता है। कार्यक्रम में प्रभारी कैप्टन डा .प्रवेश कुमार उपस्थित रहे।

### किशोरों के लिए बेहद घातक है तंबाकू : डा. सत्यपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी प्रभारी डा. सत्यपाल सिंह की मौजूदगी में धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई गई। कहा कि तंबाकू किशोरों के लिए बेहद घातक है। काउंसलर रेनू शर्मा ने किशोरों को तंबाकू व गुटखा न खाने की सलाह दी। डा .रफत परवीन, नीलम सिंह आदि मौजूद रहे।

### शुक्रवार को जिला अस्पताल में हुई 918 रोगियों की ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को जिला अस्पताल में 918 रोगियों की ओपीडी हुई। इनमें अधिकतर मरीज उल्टी और दस्त के थे। मरीजों को चिकित्सकों ने परामर्श दिया।

बच्चा वार्ड में आयुष अजीतपुर, मन्नत निवासी सिविल लाइन को बाल रोग विशेषज्ञ ने हालत खराब देखते हुए भर्ती किया। यहां दिनभर में 20 बच्चे भर्ती हुए। डायरिया वार्ड में 15 रोगी भर्ती हुए। चिकित्सकों ने रोगियों-तीमारदारों को एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक बच्चों को बाहर नहीं निकाले। जितना हो सके जंक फूड का सेवन न कराएं। इसका सेवन करने से लोग उल्टी-दस्त के मरीज बन रहे हैं। सुबह दस से दोपहर दो बजे तक दवा, पर्चा कांउटर, चिकित्सकों के कक्ष के बाहर रोगियों, तीमारदारों की कतारें लगी रहीं। चिकित्सक को पहले दिखाने के लिए रोगियों, तीमारदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।


नशा मुक्ति केंद्र में तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# तंबाकू के सेवन से होता है कैंसर

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** रत्न ग्राम्य समिति नशा मुक्ति केंद्र में तंबाकू न खाने की शपथ ली गई। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवाओं को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी भी दी गई।

शुक्रवार को रत्न ग्राम्य समिति नशा मुक्ति केंद्र में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। समिति के निदेशक पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि तंबाकू का प्रयोग लोग बीड़ी-सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, हुक्का आदि के रूप में करते हैं। इससे अनेक बीमारियां फैल रही हैं। समिति के चिकित्सक डॉ.मोहम्मद सालिम ने कहा कि तंबाकू का सेवन बेहद घातक है। इससे कैंसर सहित तमाम बीमारियां होती हैं। चिकित्सक ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवाओं व कर्मचारियों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. मोहम्मद सालिम, पुष्पेन्द्र यादव, नासिर खां, मनोज कुमार, सुनील कुमार, विमल एवं बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

# बिजलीघर में लगा 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर

संवाददाता, स्वार


उपकेंद्र में 10एमवीए का ट्रांसफार्मर रखते बिजलीकर्मी। ● अमृत विचार

- क्षेत्रवासियों को बिजली की किल्लत से मिलेगी निजात

**अमृत विचार :** बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के लिए बिजलीघर में दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर लग गया है। अब क्षेत्रवासियों को ट्रिपिंग व ओवरलोड की समस्या से निजात मिल जाएगी। हालांकि भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर बदलने के चलते लोगों को पूरे दिन बिजली की किल्लत से जूझना पड़ा।

भीषण गर्मी में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल था। गर्मी में लोगों का धैर्य भी जवाब दे गया। ओवरलोड एवं ट्रिपिंग के चलते बिजली गायब होना आम बात हो गई थी। सबसे बुरा हाल ग्रामीण क्षेत्रों का था। भीषण गर्मी में ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर भी जवाब दे गए थे। इस समस्या से निजात दिलाने लिए क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर रखने की मांग की थी। बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर स्थित पुराने बिजली घर में पांच एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवा दिया है। इससे क्षेत्रवासियों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। बिजली विभाग ने शुक्रवार को सुबह नौ से रात आठ बजे तक आपूर्ति बंद रहने की जानकारी दे दी थी। एसडीओ भगवंत सिंह ने बताया कि ओवरलोड की समस्या को देखते हुए उपकेंद्र पर दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा गया है। इसके कारण पूरे दिन बिजली बंद रही। रात आठ बजे आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

### चुराए गए मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** मोबाइल चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी एक युवती का एक युवक मोबाइल चुरा ले गया था। तहरीर के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने मुकेश कुमार निवासी मिलक निब्बी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुकेश को आगापुर अंडरपास से चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त आदेश जारी किए हैं। इसी के चलते आरोपी राजेश सैनी निवासी मिलन विहार थाना सिविल लाइन को एक चाकू के साथ आश्रम पद्धति स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली।


सेवानिवृत्त एएनएम को उपहार देते चिकित्साधिकारी डा. देवेश चौधरी। ● अमृत विचार

# सेवानिवृत्त एएनएम को दी विदाई

संवाददाता, स्वार

- कर्मचारियों ने फूल माला और उपहार देकर किया सम्मानित

**अमृत विचार :** मसवासी उप केंद्र से सेवानिवृत्त हुई एएनएम को सीएचसी चिकित्साधिकारी व स्टाफ ने फूल माला पहनाकर सम्मान देकर विदाई दी।

उत्तराखंड के बाजपुर निवासी कमलेश सैनी काफी समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के मसवासी उपकेंद्र पर एएनएम थीं। इस दौरान एएनएम के परिजन एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त एएनएम का सीएचसी चिकित्साधिकारी डा. देवेश चौधरी व कर्मचारियों ने फूल माला व उपहार देकर सम्मान किया और विदाई दी। इस दौरान डॉ. नितिन दत्त शर्मा, डॉ. नीरज, फार्मेसिस्ट मनोहर नौटियाल, स्टाफ नर्स सुरेंद्र मेहरा, नाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# रामपुर की शिक्षिका लखनऊ में सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


लखनऊ में सम्मानित हुई स्कूल की हेड मास्टर रेनू सिंह। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**
- राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन
- प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**अमृत विचार :** लखनऊ में शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन का स्थापना वर्ष एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे रामपुर के बिलासपुर के सरकारी स्कूल में तैनात हेड मास्टर रेनू सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शैक्षिक नवाचार एसोशिएशन का स्थापना वर्ष एवं सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को लखनऊ के अंबर होटल में हुआ। इस अवसर पर शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन रामपुर की जिलाध्यक्ष रेनू सिंह, उपाध्यक्ष लता पाल एवं सदस्य मधु बाला भारती ने भी विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न जनपदों से टीएलएम के स्टाल लगाए गए। टीएलएम का मुख्य अतिथियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया। अधिवेशन में विषयगत कार्यशाला, सहयोगत्मक कार्य, तकनीकी प्रयोग, नवाचारी शिक्षकों के नवाचारों का प्रयोग प्रत्येक शिक्षक और बच्चों तक पहुंचा कर उन्हें लाभान्वित करने पर चर्चा परिचर्चा हुई। इसके बाद सभी पदाधिकारियों को संयुक्त निदेशक एससीईआरटी पवन सचान, सहायक उप निदेशक अजय गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और राष्ट्रीय सचिव सीएल रोज आल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# भीषण गर्मी में गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का मंडरा रहा खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**दिक्कत**
- वार्ड नंबर 36 में मजहर खां की बाड़ी में लगे कूड़े के ढेर
- लोगों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 36 में गंदगी पसरी है। वार्ड के मोहल्ला मजहर खां की बाड़ी के पास तो काफी बुरी स्थिति है। कूड़े का उठान नहीं होने से मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी से भीषण गर्मी में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है।

शहर के मोहल्ला मजहर खां बाड़ी का कुछ हिस्सा वार्ड नंबर 36 में आता है। मोहल्ले की अधिकतर गलियों में कूड़ा है। कई-कई दिनों तक नालियों की सफाई व कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों में लोग आग लगा देते हैं। इनके जले से उठने वाला धुआं पूरे मोहल्ले में फैल जाता है। गर्मी में धुएं से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

यहां रहने वाले इकबाल का कहना है कि समस्या को लेकर उन्होंने सभासद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को भी बताया लेकिन, समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह रास्ता कई मार्गो को आपस में जोड़ रहा है। इस समस्या के बारे में कई बार पालिकाध्यक्ष को भी लिखित रूप में बता चुके हैं। लेकिन, फिर भी स्थिति की जस की तस है। इस ओर कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। इसका खामियाजा क्षेत्रवासी उठा रहे हैं।

# अवैध खनन से लदे नौ वाहन सीज

संवाददाता, स्वार


सीज किए गए डंपर के साथ खड़े एसडीएम व खनन अधिकारी। ● अमृत विचार

- एसडीएम और खनन अधिकारी की कार्रवाई से धंधेबाजों में मचा हड़कंप

**अमृत विचार :** अवैध खनन से भरे ओवरलोड़ वाहनों की सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने खनन अधिकारी के साथ छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने अवैध खनन से भरे ओवरलोड नौ वाहनों को पकड़कर सीज करने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा है।

कोसी नदी से अवैध खनन व स्टोन क्रॅशरों से ओवरलोड वाहन सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। जबकि, प्रशासनिक अधिकारी कोसी नदी से अवैध खनन रोकने का दावा कर रहे हैं। बड़ा सवाल है कि अगर कोसी नदी में अवैध खनन नहीं हो रहा है तो ओवरलोड खनन के वाहन कहां से पकड़े जा रहे है। अवैध खनन रोकने के लिए उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार कोसी नदी के घाटों व क्षेत्र में भ्रमण कर कार्रवाई करने में लगे हुए हैं। लेकिन खनन कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

गुरुवार की रात उप जिलाधिकारी को सूचना मिली कि अजीतपुर व घोसीपुरा पट्टीकलां स्टोन क्रॅशर एवं कोसी नदी से अवैध खनन भरकर ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं। एसडीएम ने खनन अधिकारी और खनन इंस्पेक्टर अजय खन्ना के साथ कोसी नदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध खनन से भरे ओवरलोड नौ वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया। इससे खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा गया। सभी वाहनों को एसडीएम ने पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम ने बताया कि खनन कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सेवा** उप जिलाधिकारी ने भी शरबत पिलाकर कमाया पुण्य, राहगीरों को गर्मी से मिली राहत

# भीषण गर्मी में शरबत और ठंडे पानी से बुझाई राहगीरों की प्यास

संवाददाता, शाहबाद


मंडी समिति के बाहर शरबत वितरण करते उप जिलाधिकारी और आढ़ती।



गर्मी में लोगों को शरबत पिलाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार


राहगीरों को शरबत बांटते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए नवीन मंडी में सबील लगाकर शरबत और ठंडे पानी का वितरण किया गया। उमस भरी गर्मी में शरबत पीकर के राहगीरों ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित नवीन मंडी पर आढ़तियों ने शरबत और ठंडा पानी पिलाया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने भी किसानों व राहगीर को शरबत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान मंडी आढ़त एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, सचिव अवगार अहमद अंसारी, अमित सक्सेना, गालिब मलिक, चोखेलाल, मुकेश ठाकुर, अजीज, कुलदीप भटनागर आदि मौजूद रहे।

### प्यासे को पानी और भूखे को खाना खिलाना बहुत नेक काम : इमरान

**धमोरा, अमृत विचार :** लाइफ सेवर ब्लड डोनेशन ग्रुप के प्रदेशाध्यक्ष इमरान बाबा ने अपने प्रतिष्ठान पर सबील लगाकर राहगीरों एवं नमाजियों को भीषण गर्मी में शरबत पिलाया। प्रदेशाध्यक्ष इमरान बाबा ने कहा कि प्यासे को पानी और भूखे को खाना खिलाना बहुत ही नेक काम है। इंसानियत के लिए इंसान को हमेशा अच्छे काम करते रहने चाहिए, ताकि समाज में आपसी भाईचारा मजबूत बना रहे। कहा कि हमारा संगठन जरूरत पड़ने पर ब्लड की व्यवस्था कराता है। इस दौरान अमीर अहमद, नाजिम सिद्दिकी, रईस अहमद, शकील अहमद, इस्लाम वारिस, सलमान रजा, आसिफ अली, अतीक अहमद, वहीद अहमद, फरहान हैदर, सूफियान हैदर आदि मौजूद रहे।

### शरबत पिलाकर तर कराया राहगीरों का गला

**रामपुर, अमृत विचार :** मदद एक आस फाउंडेशन की ओर से भीषण गर्मी में शुक्रवार को ज्वाला नगर स्थित कपूर साड़ी महल पर शिविर लगाकर लोगों को शरबत बांटा गया। जिलाध्यक्ष संचित कपूर ने बताया इस भीषण गर्मी में फाउंडेशन की ओर से शरबत बांटा जा रहा है। ताकि राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, रेखा राजपूत, रागिनी गर्ग, रीना यादव, रेनुका कपूर, वीजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को सम्मानित करते सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद।

# उर्दू अनुवादक को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत होने पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में शुक्रवार को विदाई समारोह हुआ। इसमें सीओ टांडा ने कहा कि पुलिसकर्मी ने पुलिस के लिए सराहनीय योगदान दिया है।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी अबरार हुसैन को क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनन्द ने छाता व शॉल आदि देकर अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में उर्दू अनुवादक अबरार हुसैन तीन मई 1995 को पुलिस लाइन मुरादाबाद में उर्दू अनुवादक के पद पर नियुक्त हुए थे। वह शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवाकाल के दौरान उन्होंने दो स्थानों पर सेवाएं दीं। संपूर्ण सेवाकाल में पांच हजार का नकद पुरस्कार एवं पांच उत्तम प्रविष्टि मिलीं। वर्तमान में वह थाना गंज में तैनात थे।

## एक नजर



मुख्य अतिथि से प्रशास्ति पत्र लेते स्पेशल एजुकेटर्स। ● अमृत विचार

### लखनऊ में हुए पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बाद मिले प्रमाण पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत बौद्धिक दिव्यांगता पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से स्पेशल एजुकेटर्स ने प्रतिभाग कर मास्टर्स ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की नई जानकारियों से अवगत हुए प्रशिक्षण के बाद जनपद के सभी प्रतिभागियों को वरिष्ठ विशेषज्ञ ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

# चिकित्सक नहीं मिलने पर गुस्साए मरीजों का हंगामा

## सुबह दस बजे तक ओपीडी में नहीं पहुंचे डॉक्टर, मरीज करते रहे इंतजार, बिना आए ही लग रही डाक्टरों की हाजिरी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में डाक्टरों के नदारद रहने पर मरीजों और तीमारदारों का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ रहीं हैं। ओपीडी में समय से डॉक्टरों के न बैठने से दूर-दराज से आने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। अक्सर यहां डॉक्टर नदारद रहते हैं।

शुक्रवार को मरीज सुबह आठ बजे ओपीडी में चिकित्सक का इंतजार करते रहे। करीब दस बजे भाकियू टिकैत के प्रमोद यादव व वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के सचिव सतेंद्र यादव सीएचसी पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि दस बजे भी डॉक्टर सीएचसी नहीं आ हैं। हाजिरी रजिस्टर देखने पर पता चला कि कई चिकित्सक काफी दिन से सीएचसी नहीं आ रहे हैं, जबकि उनकी हाजिरी रजिस्टर में दर्ज है। सीएचसी में घूस लेकर बिना आए एडवांस में हाजिरी लगाने का खेल भी चल रहा है। सीएचसी में उस समय सिर्फ एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट ही थे। उन्होंने इस संबंध में जानकारी करने का प्रयास तो सही जवाब न मिलने पर उनकी स्टॉफ से नोकझोंक हो गई। इसके बाद जमकर हंगामा हो गया। इससे सीएचसी में अफरा-तफरी मच गई।



शाहबाद सीएचसी में हंगामा करते मरीज व किसान नेता। ● अमृत विचार

● **बेपटरी हैं अस्पताल की व्यवस्थाएं मरीजों को उठानी पड़ती है परेशानी**



"मैं करीब छह किलोमीटर दूर गांव गुलाड़िया से अपनी बहू पूजा की दवा लेने आई हूं। सुबह आठ बजे से यहां बैठी हूं, लेकिन कोई डॉक्टर नहीं मिला। गर्मी बढ़ती जा रही है। कुछ देर और इंतजार करने के बाद चली जाऊंगी। – शकुंतला, तीमारदार"



"सुबह दस बजे के पहले ही तेज धूप हो जाती है। धूप से बचने के चक्कर में सुबह साढ़े सात बजे ही अस्पताल पहुंच गई। दस बजने वाले हैं, मगर अभी तक डॉक्टर नहीं आए हैं। उनका इंतजार कर रही हूं। –पूजा, मरीज"



"गर्मी के कारण मेरी बेटी गुलनाज बीमार हो गई है। उसे दवा दिलाने के लिए सुबह आई हूं। दो घंटे इंतजार करने के बाद भी कोई डॉक्टर नहीं मिला। यहां भीड़ बढ़ती जा रही है। इस अस्पताल में डॉक्टरों की यही स्थिति है। –अमीर बानो, तीमारदार"



"सुबह आठ बजे ओपीडी पर्चा लेकर डॉक्टर के चैंबर के सामने पहुंच गई। मुझसे पहले तमाम लोग लाइन में बैठकर डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं। डॉक्टर कब आएंगी इसके बारे में किसी को कुछ नहीं पता। –रिंकी, मरीज"



सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# तालाब और ग्राम समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** प्रशासन ने तालाब और ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। सरकारी भूमि पर बने स्कूल व निर्माणाधीन बेकरी को भी ध्वस्त कर दिया। अवैध कब्जों पर प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को तहसीलदार शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम जयतौली रोड पर पहुंची। यहां तीन कब्जों पर कार्रवाई की। तहसीलदार ने बताया कि जयतौली रोड पर सलीम ने ग्राम समाज की जमीन पर बेकरी का निर्माण शुरू कर दिया था। उसे जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। दूसरी ओर जयतौली रोड पर एक स्कूल भी ग्राम समाज की जगह में बना था। स्कूल का बिना छत वाला हिस्सा ध्वस्त करा दिया गया। वहीं, ककरौआ के तालाब के रकबे को कुछ लोगों ने पाटकर प्लाटिंग शुरू कर दी थी। शिकायत पर जांच के बाद उसे जेसीबी से खुर्द-बुर्द करा दिया गया।

# भीषण गर्मी में बैचेन रहे लोग, पूरे दिन बहता रहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मई के आखिरी दिन भीषण गर्मी में लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे। गर्मी के मौसम में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। चिकित्सक खाने-पीने में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। सूरज की तपिश से बचने के लिए लोगों ने छाता, गमछा और स्कार्फ का सहारा लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने तालाब और नहरों में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। ट्यूबवेल और पंपिंग सेट पर भी बच्चे खूब नहाए।

दिन निकलते ही आसमान से तपिश बरसने लगी। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार करने का अनुमान है और रात का तापमान 30 डिग्री रहने के आसार हैं। पिछले सप्ताह से पारा चढ़ने के साथ ही लोग गर्मी से व्याकुल होने लगे हैं। मई माह के आखिरी सप्ताह में पारा 44 और 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। गर्मी से लोगों की मौतें हो रही हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ और शुष्क रहने का अनुमान है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. डीके वर्मा का कहना है कि तेज गर्मी में बाहर का खाना खाने से बचें। लापरवाही बरतने पर बीमार हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में सचेत रहें तले भुने व्यंजनों के खाने में परहेज रखें।



सूरज की तपिश से बचने को कपड़े से ढंककर जाती स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

**मौसम**

● **इस मौसम में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा**

● **खाने-पीने में एहतियात बरतने की चिकित्सक दे रहे सलाह**

### भीषण गर्मी में इन बातों का रखें ध्यान

- दोपहर के समय बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा लपेटकर रखें।
- धूप से बचकर रहें।
- पानी अधिक पिएं।
- नींबू पानी और ग्लूकोस का सेवन भी करें।
- धूप का चश्मा लगाकर रखें।
- ज्यादा समय तक धूप में न रहें।

"जलवायु परिवर्तन के कारण असाधारण गर्मी देखने को मिल रही है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी पैनल के अनुसार, आने वाले दशकों में भारत को अधिक गर्मी, बारिश और अनिश्चित मानसून का सामना करना पड़ सकता है। इस बचने के लिए जरूरी है कि पर्यावरण को बेहतर बनाएं और अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

–डा. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ"

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 44 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 27 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 25 प्रतिशत |
| वायु वेग | 8 किमी. प्रतिघंटा |

### जलवायु परिवर्तन की वजह से देखने को मिल रही असाधारण गर्मी

मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही बताते हैं कि जब अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री, तट के किनारे 37 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो इसे हीटवेव घोषित किया जाता है। बताते हैं कि जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री के बीच बढ़ता है तो हीटवेव घोषित की जाती है।

# आरजू का विवादों से है पुराना रिस्ता, संभल में भी कर दी थी पीआरडी जवान की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खजुरिया थाने में तैनात रही महिला सिपाही आरजू द्वारा थानाध्यक्ष राजीव कुमार को लाठी से पीटने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को सीओ स्वार जनपद संभल पहुंच गए। इसके बाद वहां तैनात रही महिला सिपाही के बारे में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों से जानकारी हासिल की।

बता दें कि महिला कांस्टेबल आरजू की काफी समय से तैनाती खजुरिया थाने में थी। सोमवार की शाम उससे साथी महिला सिपाही अमृता भूषण स्कूटी मांगकर ले गई थी। इस दौरान स्कूटी की एक वाहन से टक्कर हो गई थी। इसमें आरजू की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसे लेकर दोनों महिला कांस्टेबल में विवाद हो गया था। इस मामले में आरजू ने साथी महिला सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी, लेकिन एसओ राजीव कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

मंगलवार को आरजू ने थाने में आकर पहले एसओ राजीव कुमार की आंखों में मिर्चें झोंक दीं थी। फिर पुलिस की लाठी के ताबड़तोड़ वार से उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इससे थाने में हड़कंप मच गया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने महिला सिपाही को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से अटैच कर दिया था। सीओ स्वार संगम कुमार इस मामले की जांच कर रहे हैं।

सीओ ने खजुरिया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार और आरोपी महिला सिपाही समेत नौ पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। सभी ने अपना-अपना पक्ष रखा। इसके अलावा शुक्रवार को सीओ जनपद संभल पहुंचे। उन्होंने यहां तैनात रही महिला सिपाही आरजू के बारे में सीओ गुन्नौर से जानकारी हासिल की।

सीओ संगम कुमार का कहना है कि यहां पीआरडी में तैनात महिला से किसी बात को लेकर आरजू का विवाद हो गया था। इसमें भी आरजू ने पीआरडी जवान को पीट दिया था। इसके बाद महिला सिपाही का तबादला रामपुर कर दिया गया था। सीओ स्वार हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रहे हैं।



महिला सिपाही आरजू।

● **महिला सिपाही की जांच करते हुए संभल पहुंचे सीओ स्वार**

● **खजुरिया इंस्पेक्टर को लाठी से पीटने के मामले में की जा रही जांच**



अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पाल सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जीवन में उतारें अहिल्याबाई का चरित्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एडीसी क्रिमिनल कुमार सौरभ ने बताया कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों एवं चरित्र को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने संपूर्ण मानव जाति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके कारण उन्हें जीवन काल में ही देवी का दर्जा प्राप्त हो गया था।

पाल महासभा के तत्वावधान में मेघा कुंज इंटर कॉलेज सैदनगर ब्लॉक में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई गई। इसमें अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण किया। भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाया। एडीसी क्रिमिनल कुमार सौरभ ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा नारी सशक्तिकरण, नारी शिक्षा एवं सनातन धर्म के लिए किए गए योगदान को याद रखना चाहिए। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार पाल, धर्मेंद्र पाल, स्वराज पाल, राजेश पाल, धर्म सिंह पाल, हमेंद्र पाल, भगवान दास पाल, दलसिंह पाल, सीलचंद्र, प्रधान सुनील पाल, छत्रपाल, जयपाल, विकास पाल, डा. सोमपाल आदि मौजूद रहे।

# अकीदतमंदों ने मजार पर की चादरपोशी

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** हजरत जुम्मा शाह मियां के सालाना उर्स के आखिरी दिन अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआए मांगी। इस मौके पर हुई तकरीर में मुफ्ती गुलफाम ने कहा कि बुजुर्गों के आस्तानों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। इस दौरान मजार शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मजार के पास मेला भी लगा।

भजनपुर गांव के जंगल में स्थित जुम्मा शाह मियां की दरगाह पर तीन दिन से चल रहे सालाना उर्स में शुक्रवार की शाम आखिरी कुल शरीफ हुआ। इस मौके पर मजार शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। सुबह से ही शुरू हुआ चादरपोशी का सिलसिला शाम तक चला। मुफ्ती गुलफाम अहमद ने कहा कि अल्लाह के वली अपने चाहने वालों की आवाज को अल्लाह तक पहुंचाते हैं और लोगों के बिगड़े काम बन जाते हैं। उन्होंने पैगंबरों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान अकीदतमंदों ने नारा-ए-तकबीर अल्लाह हो अकबर और नारा ए रिसालत या रसूल अल्लाह के नारे लगाए। सालाना उर्स के दौरान मेला भी लगा। इसमें बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे तो बड़ों ने चाट पकौड़ी का आनंद लिया। भीषण गर्मी में लोगों ने जगह-जगह शरबत बाटकर प्यास बुझाई।

इस मौके पर दीगर उलेमा हजरात ने भी औलियाओं की शान में तकरीर की और नात पाक पेश कीं। इस मौके पर हाफिज तौफीक, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद आसिफ, रियाज वारसी, मंसूर अली, शाहिब, शानू आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।



मजार शरीफ में तकरीर करते मुफ्ती गुलफाम अहमद। ● अमृत विचार

● **मजार शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया**

## पुलिस चौकी बजरिया पर सबीले हुसैनी का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस चौकी बजरिया पर सबीले हुसैन का उद्घाटन शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने किया।

उन्होंने कहा कि सबील से जब तक लोग पानी पीते रहेंगे उसका सवाब मिलता रहेगा। सबील हजरत इमाम हुसैन की याद दिलाती है। हजरत इमाम हुसैन ने अपने बेटे हजरत जैनुल आबेदीन के जरिए लोगों तक पैगाम पहुंचाया कि जालिमों ने उन्हें तीन दिन भूख और प्यास के साथ शहीद किया। इस मौके पर मौलाना मूसा रजा, मुज्तबा अली बेग उर्फ हसन मियां, हसीन मियां, आसिफ मियां आदि मौजूद रहे।



खिताब करते मौलाना अली मोहम्मद नकवी।



ट्रॉफी के साथ मौजूद विजेता टीम। ● अमृत विचार

# केजीएन क्रिकेट क्लब ने जीती ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केमरी के मैदान में केजीएन क्रिकेट क्लब और बिड़पुरा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें केजीएन क्रिकेट क्लब ने बिड़पुरा को 37 रन से हराकर मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि ने विजयी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

केजीएन क्रिकेट क्लब और बिड़पुरा के बीच फाइनल मुकाबला केमरी के मैदान पर खेला गया। इसमें केजीएन के कप्तान अरबाज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। केजीएन की टीम ने 13 ओवर में 157 रन बनाए। केजीएन के खिलाड़ी शुऐब ने 55 रन बनाए। जबकि शाहरुख ने 42 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिड़पुरा की टीम 13 ओवर में 120 रन ही बना सकी।

इस तरह यह फाइनल मैच केजीएन क्रिकेट क्लब ने 37 रन से जीत लिया। मुख्य अतिथि पालिका के पूर्व चेयरमैन सलीम अहमद ने विजयी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट शुऐब रहे।

**समीक्षा बैठक** | बिलासपुर, स्वार और टांडा की लक्ष्य के सापेक्ष एचआईवी जांच कम

# गर्भवतियों की शत–प्रतिशत एचआईवी जांच कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने समीक्षा बैठक में कहा कि गर्भवती महिलाओं की एचआईवी टेस्टिंग लक्ष्य के सापेक्ष बिलासपुर, स्वार एवं टांडा की प्रगति कम है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कोई भी गर्भवती महिला एचआईवी जांच से न छूटें। समस्त चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रतिमाह गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत एचआईवी जांच कराएं। इसके अलावा उन्होंने आशा विजिट को शत-प्रतिशत कराने पर जोर दिया।

विकास भवन स्थित सभागार में यूपी हेल्थ डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बोर्ड के इन्डीकेटरों की बिन्दुवार समीक्षा की। पूर्ण प्रतिरक्षण की समीक्षा में उन्होंने पाया कि स्वार, टांडा, मिलक एवं बिलासपुर के बच्चों का पूर्ण प्रतिरक्षण 90 प्रतिशत से कम था। इस पर उन्होंने प्रत्येक माह शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जेएसवाई के अंतर्गत प्रसव की समीक्षा में ब्लाक सैदनगर, चमरौआ, स्वार एवं जिला महिला चिकित्सालय में लक्ष्य के सापेक्ष धीमी प्रगति मिली। इस पर उन्होंने प्रसव केन्द्रों की बढ़ोत्तरी करने और किसी भी प्रसव को अनावश्यक रेफर नहीं करने तथा लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। ब्लाक बिलासपुर, मिलक, स्वार एवं टाण्डा में गाईनोक्लॉजिस्ट की तैनाती है किन्तु लक्ष्य के सापेक्ष सी-सेक्शन नहीं किये जा रहे है। इस उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षिका एवं समस्त चिकित्साधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने अधीन कार्यरत गाईनोक्लॉजिस्ट की बैठक करें। एएनसी एवं एचआईवी की जांच के संबंध में समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ब्लाक स्वार, टांडा, मिलक एवं बिलासपुर में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम है। कहा कि इसे शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। एचबीएनसी विजिट की समीक्षा में उन्होंने पाया कि ब्लाक सैदनगर का आशा विजिट प्रतिशत बहुत कम है। इस पर उन्होंने कहा कि समस्त आशा विजिट प्रतिशत शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं।



बैठक में बोलते मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल। ● अमृत विचार

## ईएनटी सर्जन नहीं होने से रोगियों को परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आंख, नाक और गला के सर्जन के नहीं होने से रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में सर्जन के दो पद स्वीकृत है। डा. जीसी नागोई सहारनपुर चले गए है। यहां एक सर्जन है। वह समय से ओपीडी में नहीं पहुंच रही है।

**एफआईआर दर्ज कराने के लिए सीएम को भेजा पत्र :** थाना अजीमनगर के गांव हशमतगंज निवासी लाल कौर ने एफआईआर दर्ज कराए जाने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है।

उनका कहना है कि 25 अप्रैल को गांव के कुछ लोगों ने खेत में खड़े पापुलर के पेड़ काट लिए हैं। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के लिए अजीमनगर पुलिस को तहरीर दी जा चुकी है लेकिन इसके बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। मुख्यमंत्री से मांग है कि पेड़ काटने की एफआईआर दर्ज कराई जाए।

# डॉक्टर ही निभा रहे फार्मासिस्ट की भूमिका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के होम्योपैथिक अस्पतालों में दवाई लिखने वाले डॉक्टर तो हैं लेकिन, दवाई देने वाले फार्मासिस्टों का टोटा है। सभी अस्पतालों में फार्मासिस्ट के पद स्वीकृत हैं लेकिन, तैनाती किसी अस्पताल में नहीं हैं। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद में 14 होम्योपैथिक चिकित्सालय हैं। जिम्मेदार बताते हैं कि मुख्यालय को हर माह एक पत्र फार्मासिस्ट नहीं होने का भेजा जाता है।

सरकार होम्योपैथिक चिकित्सा को बढ़ावा दे रही है। लेकिन, अस्पतालों में पिछले दो साल से एक भी फार्मासिस्ट नहीं हैं। कुछ साल पहले तक जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय में फार्मासिस्ट तैनात था। पटरिया और ज्वालानगर में स्थित राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल में भी फार्मासिस्ट की तैनाती थी। छह-छह महीने के अंतराल पर यह सेवानिवृत्त हो गए। जिसके बाद दो साल से जनपद के होम्योपैथिक चिकित्सालय फार्मासिस्ट विहीन हैं। जनपद में किसी भी नए फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं हुई है। इनके नहीं होने के कारण मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि डॉक्टर मरीजों को देखने के बाद स्वयं ही उन्हें दवा दे रहे हैं। फार्मासिस्टों की तैनाती के लिए विभाग को पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिला स्तरीय समेत 14 स्थानों पर अस्पताल संचालित हैं लेकिन, अस्पतालों में फार्मासिस्ट के नहीं होने पर चिकित्सक मरीज देखतें हैं उनकी दवा लिखते हैं और स्वयं ही मरीज को दवाई देते हैं। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और मरीजों को परेशानी होती है।

● **जनपद में हैं 14 होम्योपैथिक अस्पताल, फार्मासिस्ट का टोटा**

### इन जगहों पर स्थित हैं होम्योपैथिक चिकित्सालय

खौद, शाहबाद, बिलासपुर, बेगमाबाद, परम, खेमपुर, पटारिया, सेमरा लाड़पुर, टांडा शाहबाद, स्वार, मिलक, ज्वालानगर और टांडा बादली में राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक अस्पताल में एक–एक फार्मासिस्ट का पद स्वीकृत है। लेकिन किसी भी अस्पताल में किसी फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं है।

"जनपद के होम्योपैथिक अस्पतालों में एक भी फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं है। मुख्यालय को हर महीने फार्मासिस्ट नहीं होने का पत्र भेजा जाता है।

–डा.बीएल श्रीवास्तव, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी।"

## एक नजर

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रविंद्र सिंह ने कांस्टेबल आकाश के साथ कांठ-अमरोहा रोड पर नदी के पुल से पहले एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए व्यक्ति ने अपना नाम फरमान पुत्र नाजिम निवासी ग्राम नसीराबाद ऊमरी कलां बताया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### मारपीट के मामले में दंपति के विरुद्ध एफआईआर

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दंपति ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को पुष्पेंद्र पुत्र भूर सिंह ने दी तहरीर में बताया कि 30 मई शाम को गांव का ही रामचरण उसके घर पर शराब पीकर गाली देने लगा। जब उसने विरोध किया तो रामचरण व उसकी पत्नी कुमकुम ने उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों से उसे बुरी तरह पीटा। जिससे उसके सिर में चोटें आई और वह जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने उसे आकर बचाया। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### श्री बालाजी महाराज का आज होगा भंडारा

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के खंडुवा फाटक के पास झम्मदेव महाराज के थान पर श्री बालाजी महाराज का तीसरा विशाल भंडारा होगा। श्री बालाजी ट्रस्ट बिलारी के तत्वाधान में सबसे पहले प्रातः 9 बजे बालाजी का श्रृंगार होगा। 10 बजे हवन, 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजक अंशुल शर्मा, विशाल गुप्ता, श्याम शर्मा व गुरुजी आदि ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने व धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### चाकू के साथ डिलारी का युवक गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : उत्तरखंड काशीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान थाना डिलारी के गांव मासूमपुर निवासी युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम नफीस उर्फ सद्दाम पुत्र यासीन बताया। उसने बताया कि वह अपनी विकलांगता का फायदा उठाकर छोटी-मोटी चोरियां करता है। इनसे वह अपनी नशे की आदतों को पूरा करता था। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# खुशहाल जीवन को नशा छोड़ने का लें संकल्प

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर और रंगोली बनाकर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। रैली में छात्र-छात्राओं ने धूम्रपान के विरुद्ध मुंह पर पट्टी बांधकर रैली निकाली व युवा पीढ़ी को तंबाकू सेवन से रोकने का संकल्प दिलाया। साथ ही रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया।

शुक्रवार को आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि तंबाकू एक मीठा जहर है, जो धीरे-धीरे समाज को खोखला कर रहा है। इसलिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर खुशहाल जीवन के लिए आज ही नशा छोड़ने का संकल्प लें। तंबाकू सेवन से कैंसर, स्ट्रोक, डायबिटीज और तपेदिक जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए समाज में युवाओं को तंबाकू के बुरे प्रभावों के बारे में अभियान चलाकर बताएं। भूपेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल है। तंबाकू आदि का सेवन इसे नष्ट न करें। संगोष्ठी में विजय पाल सिंह राघव, ऋषि पाल सिंह, आदित्य राघव, अनिल कुमार, अनिल चौहान, शिवम, वीरेश कुमार, समीर, अंकित कुमार, योगेंद्र, सुमित कुमार, रंजीत कुमार, विनीत कुमार, विनय, लक्ष्मण, सुषमा राघव, परीक्षा राघव, माया कुमारी ,सजल राघव, नीलम कुमारी, गुड़िया रानी,रुखसार, हरबती, शीतल, श्रद्धा , आकांक्षा ,राधा, अनीता, विनीता आदि मौजूद रहे।


विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रंगोली बनाती छात्राएं। ● अमृत विचार


प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मिशन के कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### बच्चों पर नजर रखें अभिभावक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी मिशन ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर काशीपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि देश ही नहीं पूरा विश्व नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। तनाव और नशा एक-दूसरे के पूरक हैं। अधिकांश तनाव ग्रस्त लोग ही नशे का सेवन करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की दिनचर्या और खानपान पर नजर रखकर उन्हें गलत आदतों से रोकने का प्रयास करें। तंबाकू सेवन की लत को संवाद कायम करके कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिवेंद्र गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, राकेश यादव, दीपक चौहान, डॉ. मोनिका अग्रवाल, राजकुमार गांधी, शिखर गुप्ता, तुषार आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी में मनाया तंबाकू निषेध दिवस

कांठ, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। चिकित्साधीक्षक ने समस्त स्टाफ को धूम्रपान में तंबाकू का प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व में तंबाकू के उपयोग से खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खपत को कम करने के लिए एक वैश्विक अभियान चलाया है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से फेफड़ों के अलावा मुहं, गला, उदर, पेट, गुदा और गर्भाशय के कैंसर जैसे जानलेवा रोग उत्पन्न होते हैं। साथ ही तंबाकू का धुआं श्वसन प्रणाली कमजोर बनाता है। उन्होंने समस्त स्टाफ को तंबाकू व धूम्रपान का त्याग करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीपीएम चंद्रशेखर यादव, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा, पूजा नर्स आदि मौजूद रहे ।


राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाते मिशन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सावन कृपाल रूहानी मिशन ने ठंडे शर्बत का वितरण किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सावन कृपाल रूहानी मिशन के कार्यकर्ताओं ने हाईवे मार्ग पर गर्मी के चलते राहगीरों को शरबत पिलाया।

शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने जटपुरा के गांव अब्दुल्लापुर हाईवे मार्ग पर पूरे दिन गर्मी के चलते आने जाने वालों को मीठा शरबत पिलाया। आश्रम के अध्यक्ष दलबीर सिंह ने बताया कि सवेरे 11:00 से शाम 4:00 बजे तक कार्यकर्ताओं ने शरबत का वितरण किया। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, मौखी सिंह, मनोज कुमार रामगोपाल, भोजराज सिंह, अनुराग सिंह, मनीष, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे ।

# डंपर की टक्कर से कैंटर चालक घायल

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेज रफ्तार डंपर कैंटर (छोटा हाथी) को टक्कर मारकर भाग गया। जबकि टक्कर से अनियंत्रित हुआ छोटा हाथी सामने से आ रही प्राइवेट बस से जा टकराया। जिससे छोटा हाथी का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने सुचारू कराया।

शुक्रवार की दोपहर को मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे स्थित डोमघर के पास यह हादसा हुआ था। पता चला है कि वसीम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला कुरेशियान थाना अमरोहा छोटा हाथी को लेकर जा रहा था जिसमें सामान भरा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही वह ग्राम डोमघर के समीप पहुंचा तो उसकी गाड़ी को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने साइड मार दी। जिसके चलते छोटा हाथी अनियंत्रित हो गया और कुंदरकी की ओर से आ रही प्राइवेट बस से जा टकराया। जिसमें छोटा हाथी चालक वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी भेजा गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।


हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- **हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम, पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारु कराया**

## सार-संक्षेप


शर्बत वितरण कार्यक्रम का फीता काटकर आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### अभा क्षत्रिय महासभा ने किया शर्बत का वितरण

कांठ, अमृत विचार : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शुक्रवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गांधी आश्रम मैन रोड शिविर लगाकर लोगों को शरबत का वितरण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी अनिल कुमार बिश्नोई एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. युसूफ ने कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बृजेश चौधरी, महेंद्र सिंह एडवोकेट, डॉ मुकेश चौहान, अंकुश चौहान, प्रमोद चौहान (कृषि विभाग), देवेंद्र चौहान, गिरिराज चौहान आदि उपस्थित रहे। डॉ. अशोक चौहान ने लोगों से पौधरोपण करने की भी अपील की।


शिविर में उपस्थित अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कांठ, अमृत विचार : शुक्रवार को बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार ने महिलाओं, बच्चों, गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क विधि सहायता एवं सहायता का अधिकार प्रदान करने को लेकर जागरूक किया। शिविर में मुख्य अतिथि तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि महिलाओं, बच्चों, गरीबों व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए निशुल्क विधिक सहायता व सलाह का अधिकार प्रदान किया गया है। इस अधिकार के तहत गरीब तबके के लोगों को गिरफ्तारी की दशा में अपनी पसंद के अधिवक्ता से सलाह प्राप्त करना, गिरफ्तारी के 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रावधान है। ऐसे लोगों को सरकार अपने खर्च पर अधिवक्ता की सेवाएं उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, वैभव बिश्नोई, सुशील कुमार चौहान, भावेश शर्मा, नन्हे सिंह एडवोकेट, लेखपाल मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।


नकुल पाल धनगर को सम्मानित करते समाज के लोग। ● अमृत विचार

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकाली बाइक रैली

छजलैट, अमृत विचार : माता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती पर कांठ से भीकनपुर किसान इंटर कॉलेज तक बाइक रैली का आयोजन किया गया। माता अहिल्याबाई होल्कर का 299 वां जयंती समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली कांठ से शुरू होकर विभिन्न मार्गों एवं ग्रामों में होती हुई भीकनपुर स्थित किसान इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक महान योद्धा थीं। उनके शासन में मराठा-मालवा साम्रज्य ने बड़ी विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कई हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। इस अवसर पर पर तहसील अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी नकुल पाल धनगर का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में सूरजपाल धनगर, डॉ. कृपाल सिंह, अजय पाल धनगर, लकी, राजित, सूरज, हर स्वरूप सिंह, लेखराज सिंह, सोमपाल सिंह, अमर सिंह, पुनीत, विकास, गौतम, रोहित आदि उपस्थित रहे।

### कियारा बिष्ट को दी जन्मदिन की बधाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : कियारा बिष्ट को एक जून को जीवन के दो वर्ष पूरे होने पर मां मोनिका बिष्ट, पिता गोविंद सिंह बिष्ट और ताऊ तारा सिंह बिष्ट ने शुभकामनाएं दी हैं। कियारा अवंतिका कॉलोनी कांठ रोड की रहने वाली हैं।


कियारा बिष्ट।

### तंबाकू छोड़ने पर प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने अभिभावक इसरार हुसैन को तंबाकू छोड़ने पर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि तंबाकू का प्रयोग करने से मनुष्य में कैंसर, लीवर खराब होने व श्वांस रोग हो जाते हैं। इसलिए तंबाकू का प्रयोग नहीं अवसर पर उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने तंबाकू छोड़ने की शपथ ली। इस अवसर पर नीरज दुबे, शिवप्रिया, सुमित यादव, हिमांशु श्रुति, रणवीर सिंह, उमेश कुमार, मिथिलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में खानपान पर ध्यान देना जरूरी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: धर्म सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य विषय के अंतर्गत डीएलएड तृतीय सेमेस्टर के सैक्सन सी के प्रशिक्षुओं द्वारा शुक्रवार को पाक कला प्रैक्टिकल का आयोजन किया गया।

प्रैक्टिकल का आरंभ डायट प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस समय गर्मी अधिक हो रही है। इसलिए पानी अधिक से अधिक पिएं। जब खानपान अच्छा होगा तभी हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। उन्होंने प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने प्रशिक्षुओं को संतुलित भोजन और स्वस्थ्य रहने के लिए आवश्यक आहार के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की प्रभारी अंशु गुप्ता रहीं। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. लोकेन्द्र विश्वकर्मा सहित कनिष्ठ लिपिक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षुओं में लवकुश, प्रशांत कुमार, कोमल, पुनीत कुमार, शुभम कुमार, शिवम कुमार, शिल्पी विश्नोई, कोमल रानी, महिमा चौधरी, भावना, आकाश चौधरी, अनुज कुमार, अजीत कुमार दिवाकर, अमिर खान, दिव्यांशी शर्मा, नेहा सागर, युवराज देवल, मोहिनी सागर, गजेन्द्र कुमार, गरिमा सिंह, सुमित यादव, कनिष्का, सुमित चौधरी, कनिका चौधरी, रूचि, अभिषेक कुमार, मो. अमन मंसूरी, जयवीर प्रताप सिंह, विन्देश्वर प्रजापति, रजत यादव, अभयवीर, टीना आदि प्रशिक्षु मौजूद रहे।


प्रैक्टिकल में उपस्थित प्रशिक्षु व अन्य। ● अमृत विचार

- **डायट में डीएलएड के प्रशिक्षुओं का हुआ पाक कला का प्रैक्टिकल**

## बेटियों से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पीटा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर मोहल्ले के दो युवकों ने युवतियों के पिता के साथ मारपीट की। जब पुत्री अपने पिता को बचाने आई तो उनके साथ भी अश्लील हरकत कर मारपीट की गई।

नगर के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम को उसकी दो बेटी घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान मोहल्ले के दो युवकों ने अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो दोनों युवक घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। जब उसकी दोनों बेटियों ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बाद में शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़ने पर दंबगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, कुंदरकी

**आरोप**
- **जेसीबी से दबंगों ने तुड़वा डाली कब्रिस्तान की बाउंड्री**
- **एसडीएम बिलारी ने जांच के बाद दिया कार्रवाई का आश्वासन**

अमृत विचार : ब्लॉक के थाना मैनाठेर क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में दबंगों पर कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़ने का आरोप है। ग्रामीणों की शिकायत पर मैनाठेर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

ग्राम सन्दलपुर निवासी बाबू खान, खुर्शीद, इरफान, जुमेरती, और शमशेर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि ग्राम स्थित खाता संख्या 273 और गाटा संख्या 39 जिसका रकबा 0.1460 जोकि कब्रिस्तान के रूप में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है और जिसकी बाउंड्री हो रही है। बताया है कि 29 मई को गांव के ही दबंग लोगों जितेंद्र सैनी, मित्र पाल, चंद्रपाल, राजू और छत्रपाल द्वारा जेसीबी से कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़ दी गई। वे लोग वहां से जबरदस्ती रास्ता निकाल रहे हैं जबकि सरकारी किसी भी अभिलेख में वहां पर कोई रास्ता दर्ज नहीं है। ग्रामीणों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं एसडीएम बिलारी मनी अरोड़ा ने बताया कि इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके चलते शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम पैमाइश करने के लिए मौके पर भेजी गई थी। रिपोर्ट प्राप्त होने पर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**परेशानी** | ठाकुरद्वारा में जलस्तर घटा, कई मोहल्ले में पानी की किल्लत

# पानी के टैंकर बुझा रहे लोगों की प्यास

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते नगर का जल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है जिसके कारण नगरवासियों के सामने पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई है। जिसे देखते हुए नगर पालिका ने कई वार्डों में पानी के टैंक भेजकर लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया है।

नगर में लगे निजी हैंडपंप, सबमर्सिबल व पालिका के बोरिंगों भी जल स्तर घटने से कम मात्रा में पानी दे रहे हैं। नगर के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। हैंडपंपों भी पानी नहीं दे रहे हैं। जिस कारण लोगों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। नगर पालिका ने चार वार्डों में पानी के टैंकर भेज कर नगरवासियों को पीने का पानी उपलब्ध कराया। वार्डों में वाटर टैंक पहुंचते ही मोहल्ले के लोगों की पानी भरने के लिए भीड़ जुट गई। वार्ड 22 में देखते ही देखते वॉटर टैंक खाली हो गया। उसके बाद नगर पालिका द्वारा दूसरा पानी का टैंक भेजा गया। नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी, अधिशासी अधिकारी ललित आर्य, जलकल सुपरवाइजर मोहम्मद हफीज ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर नगर के वार्ड 20, 22 ,6 ,8 ,18 में अपनी निगरानी में वाटर टैंक से पानी की आपूर्ति कराई।


ठाकुरद्वारा में टैंकर से पानी लेते लोग। ● अमृत विचार

- **नगर पालिका द्वारा वार्डों में की जा रही टैंकर से पानी की आपूर्ति लोगों को मिली राहत**

## दहेज में कार की मांग करने पर सात पर रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दहेज में कार की मांग करने पर ससुराल पक्ष के सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का निकाह 11 मई 2022 को थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव मसेवी रसूलपुर के शमशाद अली के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति शमशाद अली, ससुर शाहिद हुसैन, सास सहाना, ननद अफरोज, रुखसाना के अलावा ननदोई बली मोहम्मद के अलावा आसमां बी दान दहेज से कुछ नहीं थे। ननदोई बली मोहम्मद उस पर गलत निगाह रखता था। एक दिन उसने कमरे में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। वही आरोपी दहेज में कार की मांग करने लगे। महिला के बच्ची पैदा होने के बाद उनके जुल्म बढ़ गए। 1 मार्च को उन्होंने मारपीट करके महिला को घर से निकाल दिया। वहीं कार की मांग पूरी न होने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गर्मी में तापमान बढ़ने से ट्रांसफार्मर होने लगे खराब

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : प्रचंड गर्मी के चलते नगर व देहात में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर तापमान बढ़ने व लोड बढ़ने के कारण जवाब देने लगे हैं। जिससे उनमें खराबी आने लगी है।

शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे अचानक परिसर के निकट लगा ट्रांसफार्मर हिट होने लगा। सूचना पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत आपूर्ति बंद कर ट्रांसफार्मर को ठीक किया। काफी देर बाद आपूर्ति सुचारू हो पाई। रामू वाला गणेश स्थित ट्रांसफार्मर की भी एक कोइल फुंक गई। जिससे विद्युत आपूर्ति बंद हो गई।

वही देहात क्षेत्र में आपूर्ति नियमित नहीं है। जिससे वहां भी जनजीवन अस्तव्यस्त है। बिजली के न आने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। जिससे खेतों में खड़ी फसल पानी के अभाव में सूख रही है। किसानों का कहना है कि रात्रि में नियमित तौर पर विद्युत आपूर्ति जारी की जाए ताकि ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई कर सकें। विद्युत उपकेंद्र देहात के जेई निसोरी सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि सारे उपकरण एक साथ न चलाएं। जरूरत पर ही विद्युत का उपयोग करें। ओवरलोड के चलते उपकरण हीट होकर फुंक रहे है।

उधर, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते विद्युत आपूर्ति भी अवरुद्ध हो रही है। वहीं विद्युत बिलों में भी लगातार गड़बड़ी चल रही है। उन्होंने बिल सही कराने व आपूर्ति में सुधार की मांग की है।


ठाकुरद्वारा ब्लॉक परिसर के निकट खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते कर्मचारी।


भीषण गर्मी में कुछ इस तरह जाते युवक-युवतियां। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। दिन में लू से लोगों का बुरा हाल है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग झुलस महसूस करने लगे। अधिक गर्मी पड़ने से लोग दिनभर पसीने में तरबतर दिखाई दिए। वही पशुओं का भी बुरा हाल है। पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध न होने के कारण अधिक गर्मी में खेतों में सूख रहा है। दुधारू पशुओं ने दूध देना भी कम कर दिया है। जिससे किसान परेशान है। किसान अपने पशुओं को गर्मी से बचने के लिए कूलर व पंखे का उपयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर में गर्मी से सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। लोगों शिकंजी व नारियल पानी व अन्य शीतल पर की दुकानों पर जाकर प्यास बुझाई।

### एक नजर

#### दहेज उत्पीड़न में पति समेत आठ पर एफआईआर

मुरादाबाद, अमृत विचार : दहेज उत्पीड़न मामले में विवाहिता ने पति समेत आठ लोगों के विरुद्ध मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पीड़िता फरहा ने पुलिस को बताया है कि उनका निकाह जून 2020 में इरफान पुत्र मोहम्मद के साथ हुआ था। उनकी ससुराल संभल जिले में टांडा कोठी नई बस्ती थाना असमोली में है। ससुराल वाले दान दहेज से खुश नहीं थे। ससुराल वाले बाइक की मांग कर रहे थे। उसने अपने जेठ अबरार पर गंदी नीयत रखने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि एक फरवरी के दिन सुलेमान, मेराज, मल्लू उसके मायके आए थे और पंचायत में बात रखी थी कि फरहा को खुश रखना है तो एक लाख रुपये नगद और मोटरसाइकिल दे दो। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है। दो भाई हैं। इसमें बड़ा भाई 8,000 रुपये महीने की पगार पर नौकरी करता है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर उसके ससुराल के आठ लोगों की विरुद्ध दहेज उत्पीड़न के मामले में मामला दर्ज किया है। इसमें इरफान, शकीला, संजीदा, रेशमा, सुलेमान, मेराज, मल्लू, अबरार नामजद हैं।

## डीएम-एसएसपी ने खंगालीं 15 बैरकें, हुई सघन तलाशी

- करीब दो घंटे तक जिला कारागार में चला तलाशी अभियान, बंदियों का जांचा सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना शुक्रवार को अचानक जिला कारागार पहुंचे। इनके साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद था। एएसपी व कई सीओ और प्रभारी निरीक्षक भी साथ थे। इन सभी ने जेल में करीब 15 बैरकों का बारीकी से निरीक्षण किया।

इन प्रत्येक बैरक में निरुद्ध बंदियों और उनके पास मौजूद सामान की तलाशी ली है। हालांकि, इन बंदियों के पास कोई भी अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई है। अधिकारियों ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि गर्मी अधिक पड़ रही है और धूप भी तेज है। इसलिए बंदियों के खानपान और रहन सहन का विशेष ख्याल रखें, ताकि कोई बंदी बीमार न होने पाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने बंदियों से खानपान के बारे में भी पूछताछ की है। बंदियों ने जेल में अच्छा भोजन और निर्धारित समय से मिलने की बात कही है। बैरक के बाद डीएम व एसएसपी ने जेल परिसर में ही स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां छह-सात बीमार बंदी भर्ती मिले। डॉ. सिराज से बंदियों का बेहतर इलाज करने को कहा है। डीएम ने गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। इस दौरान डीएम व एसएसपी ने जिला कारागार के भोजनालय का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह ने डीएम व एसएसपी को बताया कि वर्तमान में जिला कारागार में कुल 2200 बंदी निरुद्ध हैं। इनमें 90 महिला बंदी हैं। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान जेलर मृत्युंजय पांडेय और डिप्टी जेलर मूल कुमार राही, पुष्पेंद्र विक्रम, अनुज कुमार, प्रवीण सिंह भी थे।

### जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में कलाकारों ने अपनी कला की अनूठी छाप छोड़ी

## कला भारती के सितारों ने जिगर मंच पर अपनी कला से मन मोहा

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

अमृत विचार : जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के जिगर मंच पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को कला भारती के सितारों ने अपनी कला से लोगों के मन पर अनूठी छाप छोड़ी।

कार्यक्रम का आरंभ एडीएम सिटी ज्योति सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी ऋृषा तिवारी, कार्यक्रम संयोजक संजीव आकांक्षी, सहसंयोजक डॉ. बृजपाल सिंह यादव, प्रेमनाथ यादव, प्रमोद रस्तोगी, अजय कट्टा, अशोक गुप्ता, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

प्रथम प्रस्तुति के रूप में राजकुमार गोस्वामी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। रुद्राक्ष शर्मा ने तुझे मेरी लगन लगी, तेरे बिन नहीं जीना मर जाना ढोलना गीत पर श्रोताओं की तालियां बटोरी। श्रुतिका ने पिया तोसे नैना लगे पर कथक की एक सुंदर प्रस्तुति दी। रिया शर्मा ने फूल रही सरसों पर अपने नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।



जिगर मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं आकाक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज की छात्राएं।


कत्थक नृत्य प्रस्तुत करती श्रुतिका।

शशांक शर्मा ने मैं अगर कहूं तुमसा हंसी गीत पर श्रोताओं की तालियों के मध्य स्वयं के टीवी कलाकार होने की बात को सिद्ध किया। अभिनव सक्सेना ने तेरे मस्त-मस्त दो नैन गाने पर गिटार के साथ प्रस्तुति दी। आशी यादव ने मोरनी बागा में नाचे गीत पर नृत्य किया। कशिश ने गाया हर किसी को नहीं मिलता यहां प्यार जिंदगी में। शिल्पी सक्सेना ने आशा भोंसले का प्रसिद्ध गाना कजरा मोहब्बत वाला अंखियों में ऐसा डाला पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रेया ने मेरा ढोलना, सुरभि ने पिया तू अब तो आजा और नमन ने एक दिन तेरी राहों में गाने की शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को उत्कर्ष पर पहुंचाया। राकेश शर्मा ने एक हसीना थी एक दीवाना था की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कला भारती के बैंड में की-बोर्ड पर मोहसिन, पेड़ पर अमित राज, ढोलक पर सोनू पारछा, ढोल पर अंकित गोस्वामी, गिटार पर राजू भटनागर और ड्रम पर रॉबर्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुन्ना,, पावेज़ नाजिम, राधेश्याम शर्मा, सुशील शर्मा, केके गुप्ता, अंकित त्यागी, प्रदीप शर्मा, वर्तिका शर्मा, विनोद दुबे, चंद्रभूषण गिरी, संजय यादव, आलोक अग्रवाल, अशोक गुप्ता, पंकज दर्पण, अतुल जौहरी आदि उपस्थित रहे। संचालन संजीव आकांक्षी ने किया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रील्स बनाकर किया जागरूक

### कोठीवाल डेंटल कॉलेज की ओर से हुए दो कार्यक्रम, जिला कारागार में कैदियों को पोस्टर के माध्यम से दी दुष्प्रभावों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कोठीवाल डेंटल कॉलेज में लोगों को तंबाकू के खिलाफ जागरूक करने के लिए मोबाइल से रील्स बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दंत चिकित्सा के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मोबाइल से रील्स बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कांठ रोड स्थित कोठीवाल डेंटल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि देश में मुख कैंसर सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है। जिसकी दर पुरुषों में 11.28 प्रतिशत व महिलाओं में 4.3 प्रतिशत है। भारत में तंबाकू सेवन की दर युवाओं में 29 प्रतिशत है। यह काफी खतरनाक है। छात्र-छात्राओं ने सभी को तंबाकू के खिलाफ जागरूक करने के लिए मोबाइल से रील्स बनाई। रील्स प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न तरीको से तंबाकू के दुष्परिणामों, बीमारियों के बारे में बताया। जिसमें हफिजा एंड ग्रुप ने प्रथम, मेहुल एंड ग्रुप ने द्वितीय व आदर्श एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं।

कॉलेज ने प्रधानाचार्य डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल ने सभी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एक कार्यक्रम का आयोजन जिला कारागार में किया गया। जिसमें कैदियों को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों और निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. रविशंकर ने कैदियों व बंदियों को पोस्टर के माध्यम से अन्य जानकारियों दी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सही समय पर जांच करा ले तो मुंह के कैंसर से बचा जा सकता है। डॉ. अमित तीर्थ ने बताया कि तंबाकू के सेवन से शरीर में कार्बन मोनोऑक्साइड आर्सेनिक अम्मानिया और निकोटीन की मात्रा बढ़ जाती है। जिससे फेफड़ों की ऑक्सीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है। इसके अलावा डॉ. वैभव टंडन ने 150 लोगों का दंत परीक्षण किया। इस मौके पर डॉ. दीपांग्सों, डॉ. सागर, डॉ. आयुष यादव, डॉ. भवरन शर्मा, जेल अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर मृत्युंजय कुमार शामिल रहे।


स्लोगन के माध्यम से तंबाकू का प्रयोग न करने की अपील करते एनसीसी कैडेट्स।

### महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

मुरादाबाद, अमृत विचार : महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 23 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मेजर राजीव ढल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रतिवर्ष 31 मई को पूरे दुनिया भर में तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रथम बार विश्व तंबाकू निषेध दिवस 1988 में मनाया गया था। तब से लगातार 31 मई को मनाया जा रहा है। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के सेवन से होने वाली मौतों की लगातार बढ़ती संख्या को रोकना है। इस गोष्ठी में एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे। विचार रखने वालों में मुख्य रूप से सक्षम अग्रवाल, योगेश कुमार, उदयवीर, विशाल चौहान, अभिषेक, रविंद्र सिंह, अनुराग, ध्रुव चाहल, विशाल और शीशांत रहे। इस मौके पर तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के डॉक्टर प्रशांत राजपूत ने तंबाकू के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में एनसीसी कैडेटों को जागरूक किया। गोष्ठी के अंत में सभी को तंबाकू एवं अन्य किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने की शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर पंकज चौहान, रीमा यादव, आकाश आदि उपस्थित रहे।

### रैली निकाल कर मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

मुरादाबाद, अमृत विचार : विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में राजकीय पुरुष पॉलीटेक्निक से रैली निकाली गई। जिसमें राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसका आरंभ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने किया। इसके बाद चलाए गये हस्ताक्षर अभियान को युवाओं पर केंद्रित किया गया। हस्ताक्षर कर यह प्रण लिया गया कि वह भविष्य में कभी भी धूम्रपान एवं तम्बाकू का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सीएमओ डा. कुलदीप सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में और जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रमुख अधीक्षिका डॉ. संगीता गुप्ता ने कर्मचारियों, चिकित्सकों और मरीजों को तम्बाकू एवं धूम्रपान छोड़ने की शपथ दिलाई।


हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह।


रैली में शामिल जिला अस्पताल के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की मनोवैज्ञानिक रीमा यादव व अन्य।

## तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की लोगों को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला क्षय रोग केंद्र पर क्षय रोगियों व अस्पताल के कर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस दुनिया भर के युवाओं को एक मंच प्रदान करता है। जो तंबाकू उद्योग से संबंधित उन उत्पादों के सेवन को बंद करने का आह्वान कर रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मुहम्मद जावेद ने कहा कि 31 मई को स्वास्थ्य विभाग विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाता है। इसके माध्यम से जन सामान्य को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले नुकसान और बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाता है।

डॉ. आयुष मलिक ने कहा कि तम्बाकू का प्रयोग विश्व स्तर पर मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। वर्तमान समय में विश्व में 10 में से एक वयस्क की मृत्यु के लिए तम्बाकू उत्पाद का सेवन कारण है। शपथ लेने वालों में अमित भटनागर, नरेश राणा, विनीता पाण्डेय, मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह, उशरा बी, राजू चौहान के अस्पताल में आए क्षय रोगी शामिल रहे।

## कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइन थाना पुलिस ने सीजेएम न्यायालय के आदेश पर पीड़िता के मामले में चार व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है।

दर्ज हुई रिपोर्ट में पीड़िता की ओर से कहा गया है कि विपक्षी मेहंदी हसन, आले हसन व नूर हसन और इनके पिता हाजी चंदा हैं। मेहंदी हसन व आले हसन कंजरी सराय अशोक नगर घोषियों वाली गली के रहने वाले हैं, जबकि नूर हसन व हाजी चंदा चक्कर की मिलक में शाह बुलाकी साहब की ज्यारत के पास के निवासी हैं। पीड़िता ने कहा है कि उसके परिवार से मेहंदी हसन व उनके परिवार वाले रंजिश रखते हैं और उन्होंने उसके पति और ससुरालियों के विरुद्ध झूठा केस भी दर्ज करा रखा है। जिसमें विवेचना चल रही है। मेहंदी हसन और उसके परिवार वाले पीड़िता के पति को जान से मारने की फिराक में लगे हैं। 23 फरवरी को रात 10 बजे हाजी चंदा अपने तीनों बेटे मेहंदी हसन, आले हसन व नूर हसन और दो अन्य व्यक्तियों के साथ पीड़िता के घर घुस आए थे। आरोपियों ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़ दिए। यही नहीं, दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इसमें मेहंदी हसन, आले हसन, नूर हसन और हाजी चंदा नामजद हैं। जबकि, दो अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### बेटे से भयभीत होकर मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : पैपटपुरा निवासी महिला ने अपने बेटे से भयभीत होकर उसके विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है।

शिव मंदिर के पास रहने वाली सोमवती पत्नी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया है कि उनका बेटा विनीत अपराधी प्रवृत्ति का है। आए दिन उनसे दबंगई दिखाकर रुपये की मांग करता रहता है। जब वह रुपये देने से मना करती हैं तो वह उन्हें और अपनी बहन विनीता को बहुत मारता पीटता है। सोमवती ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मझोला थाना पुलिस ने पीड़िता के बेटे विनीत के विरुद्ध मारपीट करने के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित मां पुलिस को बताया है कि उनका बड़ा बेटा आशू जब घर में मारपीट कर रहे विनीत का विरोध करता है तो वह उसे भी मारने लगता है।

## पुलिस पिटाई प्रकरण में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

- नगला बनवीर गांव के मामले में रामपुर का मानव और बरेली का अभिषेक भी नामजद

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार : गांव नगला बनवीर में थाने की पुलिस की गुरुवार को बंधक बनाकर हुई पिटाई मामले में 10 आरोपी नामजद हुए हैं, जबकि पांच व्यक्तियों को पुलिस ने अज्ञात में आरोपी बनाया है। इस मामले में दरोगा लोकेश कुमार की तरफ से आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई है।

पुलिस टीम पर हमला करने वालों के विरुद्ध लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला, सार्वजनिक कार्य के निर्वहन में बाधा डालना, धमकी देना, गिरफ्तारी में प्रतिरोध या अवैध बाधा उत्पन्न करना, बंधक बनाने आदि आरोप लगाए गए हैं। उधर, नामजद अभियुक्तों में पुलिस ने बाबू पुत्र महिपाल व पुत्री गुंजन और आयुष पुत्र देवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। इनके अलावा अन्य नामजद अभियुक्तों में अभी तक राजू व इसके भाई विकास, रविन्द्र, बहन रीमा और मां गुड्डो फरार है। अभिषेक पुत्र ओमवीर व मानव पुत्र सुभाष भी फरार है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार गांव में सक्रिय है। बाबू ठाकुर के घर वालों की प्रत्येक गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है।

फिलहाल, गुरुवार को घटना के बाद से बाबू ठाकुर के घर में ताला लगा है। उधर, जानकारी में आया है कि नामजद अभियुक्तों में मानव पुत्र सुभाष रामपुर जिले के शाहबाद और अभिषेक बरेली के आंवला का रहने वाला है। उधर, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया का कहना है कि पाकबड़ा पुलिस की एक टीम गुरुवार को अवैध शराब की सूचना पर बाबू ठाकुर के घर दबिश देने गई थी। इस बाबू ठाकुर के विरुद्ध पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। यह अवैध शराब का कारोबार करता है। इसके बेटे का तमंचा के साथ एक फोटो भी वायरल हुआ था। वह भी आरोपी है। टीम में चार पुलिस कर्मी वर्दी में थे और दो बिना वर्दी के। बाबू ठाकुर के बेटे ने पुलिस टीम से अभद्रता की और उन्हें बंधक बनाने का प्रयास किया था। सूचना पर तत्काल थाने की एक अन्य पुलिस टीम पहुंची थी, जिसने तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार भी कर लिया था।

### एसपी सिटी की जांच रिपोर्ट पर निर्भर होगी कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा में पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। दो कांस्टेबल वर्दी के बजाय टी-शर्ट व जींस पैंट पहनकर दबिश देने पहुंचे थे। वैसे, नियम है कि किसी भी छापेमारी या दबिश के दौरान उनका वर्दी में होना अनिवार्य है। इसके अलावा हमला होने पर दरोगा और उनकी टीम के अन्य सदस्य दोनों कांस्टेबल को वहीं बाबू ठाकुर के घर में ही छोड़कर भाग खड़े हुए थे। इसे भी लापरवाही माना जा रहा है। इससे पहले पाकबड़ा में 19 मई को भी पुलिस टीम पर हमला हुआ था। इस तरह 11 दिन के अंदर दो बार पुलिस टीम पर हमले को एसएसपी हेमराज मीना ने गंभीरता से लिया है। एसएसपी ने मामले में जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। एसएसपी ने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्लाट पर कब्जे को लेकर पांच पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडी चौक संभली गेट के बुजुर्ग ने मझोला थाने में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही इस मामले में अन्य सात अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया है। इसमें अबरार हुसैन, सतीश, कुमकुम, रश्मि, फराह नामजद हैं।

बुजुर्ग अवधेश कुमार ने पुलिस को बताया है कि उनके दिल्ली रोड पर मझौली गांव में उनका प्लाट है। इसके चारों ओर बाउंड्री बनी है और बीच में एक कमरा है। इस कमरे में सुरक्षाकर्मी रहते हैं। आरोपी उनके प्लाट पर जबरन घुसकर कमरे में रखे सामान में तोड़फोड़ की है। उनका काफी सामान भी उठा ले गए। गार्ड के विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि बुजुर्ग अवधेश की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### जयंती

#### सपा कार्यालय पर मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती, उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

## प्रेम, समर्पण व करुणा की मूर्ति थीं वीरांगना अहिल्याबाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को लोकमाता वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। विचार गोष्ठी में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव और अन्य पदाधिकारियों ने वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रेम समर्पण और करुणा की मूर्ति महान वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हम सभी उन्हें शत-शत नमन करते हैं। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों पर मंदिर और घाट बनवाए। कुओं और बावड़ियों का निर्माण कराया, सड़कों का निर्माण कराया। मानव सेवा के लिए कई कार्य किए। हम सभी उनको नमन करते हुए उनके सिखाए हुए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस दौरान लाखन सिंह सैनी, विजयवीर सिंह यादव, फुरकान अली, जुगल किशोर वाल्मीकि, विक्रम सिंह यादव, वेद प्रकाश सैनी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, फरीद मलिक, फाजिल मलिक, महेंद्रपाल सिंह, वीर सिंह यादव, केदार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, भूरा कुरैशी, दीपक विश्नोई, सुनीता सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



सपा कार्यालय पर वीरांगना रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते सपाई।


जयंती पर माल्यार्पण कर नमन करते अखिल भारतीय पाल महासभा के पदाधिकारी व अन्य।

### पाल महासभा के सदस्यों ने किया अहिल्याबाई को नमन

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक माता अहिल्याबाई होल्कर जयंती के अवसर पर शुक्रवार को अखिल भारतीय पाल महासभा की ओर से महानगर में शरबत का वितरण किया गया। शाम को प्रकाश नगर लाइनपार स्थित लोक माता अहिल्याबाई होल्कर चौराहा पर दीप जलाकर और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि महासभा की प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमारी पाल, महानगर अध्यक्ष प्रमोद पाल, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश पाल, महेन्द्र सिंह पाल आदि ने उनके जीवन के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान लक्ष्मण सिंह, हरपाल सिंह, राजपाल सिंह, परसती लाल, नितिन पाल, भूपेंद्र पाल, हरेंद्र पाल, सरदार पाल, संत कुमार, छत्रपाल सिंह, नौबत सिंह, महेंद्र सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

## पौधे लगाकर करें धरती मां का श्रृंगार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शुक्रवार को धर्मगुरु आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी और मोहित जैन के सानिध्य में 21 पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। सभी ने पौधे लगाकर धरती मां का श्रृंगार करने का संकल्प लिया।


दीनदयाल नगर में पौधरोपण करते अशोक पार्क समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

अशोक पार्क समिति ने दीनदयाल नगर में इस अभियान के तहत 5 जून तक 11,000 पौधे रोपने के अभियान की शुरुआत हुई। आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि पौधे लगाकर हम धरती मां का श्रृंगार करके आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित कर सकते हैं। मानव जीवन में सबसे महत्वपूर्ण वायुयान है। जिसके अभाव में सृष्टि का अस्तित्व ही नहीं रहेगा। वृक्षों द्वारा हमें शुद्ध वायु का अनमोल उपहार मिलता है। आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, संजीवनी औषधि, फल, लकड़ी एवं छाया से परिपूर्ण सांस को प्रचुर मात्रा में अमृत्व की प्राप्ति होती है।

सामाजिक कार्यकर्ता समीर विद्यार्थी ने अपने मित्रों व अन्य परिचितों से हजारों पौधे लगाने का संकल्प कराया। कहा कि वृक्षों के बिना जीवन अधूरा है। इसी क्रम में पार्कों और मुख्य मुख्य स्थानों पर 11000 पौधे लगाने का संकल्प लेकर सभी ने संसार को विनाश से बचाने के लिए सहभागिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान शालिनी जैन, अदित्री जैन, कशिश जैन, नरेश कुमार एडवोकेट, जवाहर टंडन, हरीश पाल, राजेश रस्तोगी, विनय सचदेवा, जिनेन्द्र रस्तोगी, मनोज कुमार, तेजपाल सिंह, सीपी सक्सेना एडवोकेट, राजीव अग्रवाल, दयाराम सागर, योगेन्द्र मदान, नरेश गुप्ता, देवेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र मल्होत्रा, नितिन गुप्ता, निहारिका गुप्ता ने सहयोग किया।

## एक नजर

### हार्ट अटैक से किसान की मौत

रहरा, अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते इन दोनों हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कलां निवासी किसान बबलू त्यागी पुत्र मुरारी सिंह त्यागी उम्र लगभग 48 वर्ष का गुरुवार रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। रहरा क्षेत्र गांव सिरसा कला निवासी बबलू त्यागी गुरुवार रात घर पर खाना खाकर परिवार के साथ सोये थे। रात करीब 11 बजे बबलू त्यागी की तबीयत खराब हो गई। परिजन तुरंत उसे चिकित्सक के यहां ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### न्यायालय का दोबारा विवेचना का आदेश

अमरोहा, अमृत विचार : 28 अक्टूबर 2021 को अधिवक्ता मनु शर्मा, उनके पिता शरद शर्मा, मां शोभा शर्मा एवं भाई आदित्य शर्मा पर इनके पड़ोसी महेश कुमार ने उनको व उनकी पत्नी कुसुम रानी को घर में घुसकर मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें एक ही दिन में विवेचना पूरी कर फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगाने को न्यायालय ने दोषपूर्ण माना। पुलिस की यह रिपोर्ट निरस्त कर न्यायालय ने मामले की पुन: विवेचना करने के पुलिस को आदेश दिए हैं।

# बेटे के नाम रिकवरी वारंट लेकर घर पहुंची पुलिस, मां की हार्ट अटैक से मौत

## बेटे का पत्नी से चल रहा है मुकदमा, अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



घटना के बाद हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

- महिला का शव घर लेकर पहुंचे परिजनों ने किया हंगामा

अमृत विचार : बेटे के नाम रिकवरी वारंट लेकर घर पहुंचने की जानकारी उसकी मां को मिली तो उन्हें हार्ट अटैक आ गया। महिला को परिजन उपचार के लिए आननफानन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत का पता चलने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा मार्ग स्थित विवेकानंद कॉलोनी का है। यहां के निवासी राकेश की अपनी पत्नी से मुकदमेबाजी चल रही है। विवाद फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट से राकेश का पत्नी के खर्चे से जुड़ा रिकवरी वारंट जारी हुआ था। गुरुवार को मुरादाबाद गेट चौकी प्रभारी अनूप कुमार पुलिस टीम के साथ रिकवरी वारंट की तामील कराने के लिए राकेश के घर पहुंचे थे। पुलिस घर की चौखट पर खड़ी थी कि इस दौरान घर में मौजूद राकेश की 55 वर्षीय मां मूर्ति देवी को हार्ट अटैक आ गया। मूर्ति देवी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। हार्ट अटैक की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी उल्टे पांव लौट गए। परिजन मूर्ति देवी को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को अस्पताल से घर ले आए और पुलिस पर धमकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। इसी दौरान मोहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की।

सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मृत महिला के बेटे का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। फैमिली कोर्ट से आए रिकवरी वारंट को तामिल कराने के लिए सुबह के समय पुलिस उसके घर गई थी। जबकि, महिला को हार्ट अटैक शाम को आया। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि उनकी पहले से ही तबियत खराब थी।

### गर्मी से लोगों का बुरा हाल कम नहीं हो रहा तापमान

अमरोहा, अमृत विचार : गर्मी का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा। पिछले तीन दिनों से जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री बना हुआ था। वहीं शुक्रवार के दिन भी 44 डिग्री तापमान दर्ज किया।

शुक्रवार को भी नौतपा के बीच गर्मी का सितम कम नहीं हो सका। गुरुवर को तापमान में 45 डिग्री रहा तो शुक्रवार को 44 डिग्री तापमान रहा है। आसमान से बरसती आग से बुरा हाल हो रहा है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी में धूप के चलते दिन के समय बाजारों में होने वाली चहल-पहल भी प्रभावित हुई है। इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं। दोपहर 12 बजे से तेज गर्म हवाएं चलने से लोग बाहर नहीं निकल पा रहे। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह का कहना है कि आने वाले दो दिन गर्मी कम नहीं होगी। दो दिन बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने कहा कि गर्मी में बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक रहना आवश्यक है।



बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी। ● अमृत विचार

## कुछ अधिकारी कार्यकर्ताओं को कर रहे हतोत्साहित: उदयगिरी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि जनपद में कुछ अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे अधिकारियों की सूची बनाकर समीक्षा कर उनके विरुद्ध शासन स्तर कार्रवाई कराई जाएगी।

ढबारसी में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल के आवास पर आदमपुर मण्डल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि जनपद में भीषण गर्मी के माहौल के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करके जनपद में रिकार्ड मतदान दर्ज कराया है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के पार्टी प्रत्याशी कवर सिंह तंवर की जीत सुनिश्चित है। कहा कि जनपद में कई सरकारी अधिकारियों द्वारा सरकार विरोधी मानसिकता का परिचय देकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित करने का प्रयास किया है। ऐसे अधिकारियों की सूची बनाकर शासन को भेजी जाएगी तथा उक्त अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाएगी। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य शीशराम सिंह, राजीव गोयल, सुनिल नागर, प्रेम गूर्जर, अमरपाल सिंह, राकेश कश्यप, महीपाल सिंह, मुजम्मिल, हरद्वारी सिंह, राजेश शर्मा, सोनू भाटी, रमेश गिरि, नीरज मावी आदि मौजूद रहे।

### फैक्ट्री प्रबंधक को पीटने में एक आरोपी गिरफ्तार

गजरौला, अमृत विचार : फैक्ट्री प्रबंधक को पीटने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के गांव लडाना निवासी वेदप्रकाश शर्मा गजरौला स्थित एक कंपनी में प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। बताया जाता है कि बुधवार को वह कार्यालय में बैठे थे। इसी दौरान नवनीत धारीवाल व ऋतिक 20 साथियों के साथ फैक्ट्री के गेटमैन को पिस्टल दिखाते हुए अंदर घुस आए थे। यहां प्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायर किया। साथ ही प्रबंधक के साथ भी मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में देवेन्द्र सिंह उर्फ काले पुत्र सूरत सिंह मोहल्ला कायस्थान हसनपुर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध तमंचा व कार बरामद की गई है।

## शॉर्ट सर्किट से जनसेवा केंद्र में लगी आग

संवाददाता, नौगांवा सादात



जन सेवा केंद्र में आग से जलता सामान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शॉट सर्किट से जनसेवा केंद्र में आग लग गई। शुक्रवार सुबह लोगों ने केंद्र से धुंआ उठता देखा तो संचालक को फोन कर जानकारी दी। जिसके बाद आस-पड़ोस के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक जनसेवा केंद्र में रखा सामान जलकर राख हो गया था।

घटना थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के कस्बे की है। दरअसल तहसील गेट के सामने क्षेत्र के गांव सिरसा जट निवासी मोहम्मद सरताज पुत्र शब्बीर करीब आठ वर्ष से जन सेवा केंद्र चलाते हैं। गुरुवार शाम को वह दुकान ठीक-ठाक बंद करके अपने गांव चले गए थे। रात में शॉर्ट सर्किट होने के कारण दुकान में आग लग गई। सुबह के समय टहल रहे लोगों ने दुकान के अंदर से धुंआ उठता देखा तो उन्होंने मोहम्मद सरताज को दुकान पर लिखा फोन नंबर के माध्यम से आग लगने की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही मोहम्मद सरताज दुकान पर आ गए। उसने दुकान के ताले खोलकर मुश्किल से शटर को उठाया। तब तक दुकान में फर्नीचर और लैपटॉप प्रिंटर मशीन और बिजली के उपकरण जल चुके थे। बिजली की लाइन काटकर मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। लेकिन उस समय तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। जन सेवा केंद्र मलिक मोहम्मद सरताज ने बताया कि आग लगने से करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के उपकरण और फर्नीचर जल गए हैं।

### डेढ़ वर्ष के बच्चे को बुखार के बाद चलने में दिक्कत

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ले में डेढ़ वर्ष के बच्चे को बुखार के बाद चलने में दिक्कत हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मासूम के मल को प्रयोगशाला भेजा है।

दिल्ली के सीलमपुर में रहने वाली हिना पत्नी इमरान 15 दिन पहले दिल्ली से मायके मोहल्ला हिरनवाला निवासी नईम अहमद अपने पिता के घर आई थी। इस दौरान उनके 20 माह के बच्चे को बुखार हो गया। बुखार तो ठीक हो गया लेकिन बच्चे को चलने में दिक्कत हो गई। जिस पर परिजन सीएचसी पहुंचे और बच्चे को चिकित्सकों को दिखाया। चिकित्सकों ने बच्चे के उपचार के बाद उसके मल को प्रयोगशाला भेजा है। डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चे के मल को प्रयोगशाला भेजा जाएगा। उसके बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है।

## प्रचंड गर्मी से जनजीवन बेहाल, तापमान 44 डिग्री

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : इन दिनों सूर्यदेव आसमान से आग उगल रहे हैं। धूप की तेजी अब बर्दाश्त के बाहर होती जा रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ऐसे हालात में लोगों का दोपहर में घर से बाहर निकलना किसी खतरे से खाली नहीं है। भीषण गर्मी एवं धूप की तपिश की वजह से शहर की सड़कें भी सुनसान हो गईं और बाजारों से रौनक गायब रही। ग्राहकों के न आने की वजह से दुकानदार भी खाली बैठे रहे। सुबह से ही सूरज ने आमसान से जैसे आग उगलनी शुरू कर दी थी। गर्मी और लू के थपेड़े से लोग ज्यादा बेचैन दिखाई दिए। शहर की सड़कों पर सुबह दस बजे के बाद से सन्नाटा पसर जा रहा है, जो शाम को चार बजे रहता है। गर्मी से परेशान हर व्यक्ति इस जुगत में नजर आया कि ऐसी जगह बैठा जाए जहां कूलर या एसी हो और शीतल पेय से गला तर किया जाए। घर से बाहर जरूरी काम से निकले लोग पसीने से तरबतर और गला सूखने के कारण बेचैन और व्याकुल नजर आए। सूरज के कहर से परेशान लोग अब तो ईश्वर से बारिश की कामना करने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुछ ऐसा ही हाल है। गर्मी के कारण पशु-पक्षियों का भी हाल बेहाल है। शाम को सूर्य की तपिश कम होने के बाद ही बाजारों में लोग अपनी जरूरत का सामने खरीदने के लिए निकले। तपिश से लोगों की सेहत बिगड़ रही है।

### मजदूरों की जगह ट्रैक्टर से कराया जा रहा काम

रहरा, अमृत विचार : महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की धनराशि को गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में बंदर बांट किया जा रहा है। योजना में मजदूरों से कार्य कराकर उन्हीं के खाते में पेमेंट किया जाता है। लेकिन गंगेश्वरी ब्लॉक में यहां सब उल्टा हो रहा है।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओगपुरा में रास्ते पर मिट्टी भराई कर समतलीकरण का कार्य किया जाना था। मनरेगा योजना के तहत जिस कार्य में मजदूर लगते उस कार्य को ट्रैक्टरों द्वारा किया जा रहा है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मजदूरों ने इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की है। इस मामले मनरेगा पीडी अमरेंद्र कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी में शपथ लेते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

## सीएचसी में तंबाकू का सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

31 मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में केंद्र प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि तंबाकू के सेवन से कई बीमारियां हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. मुदित गौतम, डॉ. ब्रह्मानंद, डॉ. प्रियंका, डॉ. अब्दुल कादिर, राकेश कुमार गुप्ता, एमके जोशी, राम कुंवर, आसा मसीह, सनी रहे।

### सड़क हादसे में पीआरडी जवान समेत तीन घायल

हसनपुर, अमृत विचार : अमरोहा मार्ग पर दो बाइकों की की टक्कर में पीआरडी जवान सहित तीन लोग घायल हो गए।

ग्राम रझेड़ा निवासी केसरी पुत्र गंगाराम शुक्रवार रात बाइक से घर को जा रहे था। अमरोहा बस स्टैंड पर कोतवाली में पीआरडी जवान जसवंत सिंह ने घर जाने के लिए उससे सहायता मांगी और बाइक पर बैठकर दोनों चल दिए। जैसे ही बाइक अमरोहा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो सामने से आ रहे बाइक सवार राजाराम पुत्र शांति स्वरूप से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीआरडी जवान जसवंत को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया तथा घायल केसरी एवं राजाराम को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। उपचार के दौरान केसरी की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : शुक्रवार को बार एसोसिएशन धनौरा के अध्यक्ष कुलवीर सिंह की अध्यक्षता में बार सभागार कक्ष में बैठक हुई। जिसमें तहसील स्थित न्यायालयों में न्यायिक कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं रियल टाइम खतौनी निर्माण एवं रियल टाइम खतौनी में दर्ज त्रुटिपूर्ण अंशों एवं अंश निर्धारण में देरी एवं नामान्तरण आदेशों की फीडिंग आदि पर विचार विमर्श किया गया। वहीं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, दूसरी ओर समस्त अधिवक्ता शुक्रवार को सांकेतिक हड़ताल पर रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलवीर सिंह, मदन सैन यादव, आलोक भारती, सुरेन्द्र कुमार, मुकेश सैनी, रविन्द्र सिंह, हितेश कुमार, अनुज कुमार त्रिवेदी, नंदीप कुमार, शिवम अग्रवाल सहित मौजूद रहे।

## बच्चे की हत्या में दोषी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- न्यायालय ने दोषी पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार : नौ वर्षीय बच्चे का अपहरण कर गला दबाकर हत्या करने के मामले में अदालत ने दोषी का उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना सात दिसंबर 2017 को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बसैली से जुड़ी है। गांव बसैली में किसान नरेश सिंह का परिवार रहता है। उनका नौ वर्षीय बेटा अभिषेक उसे समय कक्षा तीन का छात्र था। वारदात वाले दिन अभिषेक रोजाना की तरह स्कूल गया था, लेकिन छुट्टी के बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद नरेश सिंह ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन अभिषेक की तलाश में जुटे थे। पुलिस को जानकारी मिली कि गांव का ही रहने वाला गौरव अभिषेक को अपने साथ साइकिल पर बैठाकर ले गया था। नरेश सिंह के भाई सुरेश सिंह और हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव अठसैनी में रहने वाले साले धर्मेंद्र सिंह ने उसे अभिषेक को लेकर जाते हुए देखा था। पुलिस ने गौरव को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो सच्चाई सामने आने पर पुलिस के भी होश उड़ गए। गौरव ने अभिषेक की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसका शव गांव निवासी रामपाल के गन्ने के खेत में दबा दिया था। पुलिस ने गौरव की निशानदेही पर अभिषेक का शव बरामद किया किया था। बाद में पुलिस ने गौरव का चालान कर दिया था।

इस केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय ईश्वर सिंह की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट में आखिरी सुनवाई हुई, जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने मजबूत पैरवी की। साक्ष्य के आधार पर अदालत ने गौरव को दोषी करार देते उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

**अनदेखी** — अधिकतर अमृत सरोवरों में पानी की बजाय उड़ रही धूल

# सूखे पड़े अमृत सरोवर, भटक रहे पशु-पक्षी

संवाददाता, रहरा



सूखा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अमृत सरोवरों के निर्माण के नाम पर अधिकारियों ने सरकार के लाखों रुपये पानी में बहाए, अब इनको देखने वाला कोई भी नहीं है। भीषण गर्मी के बीच अधिकतर अमृत सरोवर में पानी की जगह सपाट मैदान दिखाई दे रहे हैं।

इसकी वजह से जो सरकार के इन्हें बनाने के प्रमुख उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यटन व कृषि सिंचाई थे, वह भी पूरे होते हुए नहीं दिख रहे हैं। पानी की तलाश में पशु-पक्षियों को भी भटकना पड़ रहा है। शासन की सख्ती के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर सरोवरों में पानी भरवाना भी शुरू नहीं किया जा सका है। यह योजना 2022 को शुरू की गई।

गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायत रहरा के साथ अन्य कई ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनाए गए। एक सरोवर में कम से कम डेढ़ लाख से अधिक रुपये खर्च हुए हैं। इस औसत से करीब लाखो रुपये खर्च हुए हैं। इसके बावजूद 95 प्रतिशत अमृत सरोवर मौजूद समय में सूखे पड़े हैं। भीषण गर्मी के बीच पशु-पक्षियों के सामने भी पानी का संकट खड़ा हो गया है।

इन अमृत सरोवरों की जमीनी हकीकत परखने के लिए पड़ताल की गई। इसमें जिम्मेदारों की तमाम लापरवाही सामने आईं। हालत यह है कि अधिकांश अमृत सरोवर सपाट मैदान में बदल चुके हैं और मौके पर धूल उड़ रही है। प्रशासनिक स्तर के दावों के बीच बेनतीजा कवायद भी इन अमृत सरोवरों की नहीं संवार सके। जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर साधे हैं।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रहरा समेत ज्यादातर अमृत सरोवरों की हालत खराब है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इन तालाबों का कार्य निमार्ण में मनरेगा से भी काम हुआ था। इन अमृत सरोवरों में सरकार के लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी स्थिति जस की तस है।

### तालाब सूखा, नहीं है बैठने के लिए बैंच

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव रहरा के अलावा कई गांव के सरोवर सूखे पड़े हुए हैं। इन सरोवरों में लाखों रुपये खर्च हुए हैं। सरोवरों की ओर बैठने के लिए न तो आज तक बैंच बनाई गईं। न यहां पर लगाए गए पौधों की रखवाली की गई। देखरेख के अभाव में पौधों ने दम तोड़ दिया है। वहीं, कुछ पौधे जानवर खा गए। छांव के इंतजाम भी नहीं हैं। हालत यह कि सरकार के लाखों रुपये खर्च करने के बाद जिम्मेदारों ने देखरेख क्यों नहीं की।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### बाजार में दुकान लगाने को लेकर मारपीट

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी मेवाराम व प्रभू बाजारों में पंसारी की दुकान लगाते हैं। शुक्रवार को प्रभू ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में पंसारी की दुकान लगा रहा था। आरोप है कि दुकान लगाने का विरोध करते हुए मेवाराम प्रभू के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मेवाराम व प्रभू में मारपीट होने लगी। जिसमें दोनों घायल हो गए।

### प्रधान पर लगाया गाली गलौज का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी कैलादेवी पत्नी कुंदन सिंह ने गुरुवार शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने दो वर्ष पहले गांव में स्थित गोशाला में दंपती को 15 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर केयर टेकर के रूप में रखा था। आरोप है कि एक वर्ष गोशाला में काम करने के बाद भी दंपती को मानदेय नहीं मिला। शिकायत करने पर दंपती को मानदेय के एक लाख 80 हजार रुपये में से 70 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया।

### ड्राइविंग लाइसेंस का सॉफ्टवेयर होगा अपग्रेड

**संभल, अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सॉफ्टवेयर को अपग्रेड कर अपडेट किया जाना है। यह कार्य दो और तीन जून को चलेगा। इस अवधि में ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कोई भी कार्य नहीं हो सका। एआरटीओ प्रशासन डॉ. पीके सरोज ने बताया कि वैसे तो दो जून को रविवार है। तीन जून को ड्राइविंग लाइसेंस के स्लॉट को रिशेड्यूल किया जाएगा।

### डनलप से टकराई बाइक दो लोग हुए घायल

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी भिरावटी रोड़ पर बगढेर गांव के पास बाइक डनलप से टकरा गई। बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। बदायूं जनपद के कस्बा इस्लामनगर निवासी हिरदेश पुत्र जीराज व पवन पुत्र आलोक बाइक से रिश्तेदारी भिरावटी जा रहे थे। बगढेर के पास अचानक बाइक के सामने डनलप आ गई और बाइक डनलप से टकरा गई।

# दुकानों पर छापा मारकर लिए पनीर, दूध और दही के नमूने

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को तीन दुकानों से पनीर, दही और दूध के नमूने लिए। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को दोपहर प्रवर्तन दल चौधरी सराय पहुंचा। यहां जब्बार स्वीट्स से पनीर का नमूना लेने की कार्रवाई की। प्रवर्तन दल द्वारा छापेमारी किए जाने से अन्य दुकानदारों में खलबली का माहौल बन गया। कई तो दुकानें बंद करके खिसक लिए।


नमूना लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि चौधरी सराय में ही दुकान से दही का नमूना लिया गया जबकि सरायतरीन में दूध का नमूना लिया। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

### सबसे अधिक गुन्नौर 32 राउंड तो सबसे कम संभल में 27 राउंड में होगी मतगणना, तैयारी पूरी करने में जुटा प्रशासन

# मतगणना शुरू होने के बाद दो घंटे में ही आएगा पहले राउंड का नतीजा

संवाददाता, बहजोई/संभल

- असमोली और चंदौसी विधानसभा के लिए मतगणना के होंगे 28-28 राउंड

> उत्तर प्रदेश वेयरहाउस मतगणना स्थल पर मतगणना को लेकर अब तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना की जाएगी। प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। स्ट्रांग रूम खोलते समय वीडियोग्राफी भी की जाएगी। – प्रदीप वर्मा, एडीएम

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने इंतजाम पूरे करने शुरू कर दिए हैं। चार विधानसभा की मतगणना 115 राउंड में की जाएगी। सबसे अधिक गुन्नौर विधानसभा में 32 राउंड होंगे तो सबसे कम संभल विधानसभा के 27 राउंड में मतगणना होगी। पहले राउंड का नतीजा दो घंटे बाद ही आ जाएगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।

जनपद में संभल लोकसभा की चंदौसी, असमोली व संभल विधानसभा, बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा की मतगणना मुरादाबाद आगरा हाईवे स्थित उत्तर प्रदेश वेयरहाउस में बने मतगणना स्थल पर चार जून को होगी। मतगणना के लिए सबसे अधिक गुन्नौर विधानसभा में 32 राउंड होंगे तो वहीं सबसे कम संभल विधानसभा की मतगणना 27 राउंड में की जाएगी। असमोली व चंदौसी विधानसभा की मतगणना 28-28 राउंड में होगी। प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए एक विधानसभा में 14 टेबल बनाई गई हैं। जहां ईवीएम की सुरक्षा के लिए जाली लगाई जा रही है। इससे कोई भी ईवीएम को नुकसान नहीं पहुंचा सकेगा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व निर्दलीय को सूचित कर दिया है कि वे अपने मतगणना अभिकर्ताओं के पास अवश्य बनवा लें। यह पास केवल शनिवार शाम तक ही जारी होंगे। वे प्रत्याशी जो शनिवार तक अपने अभिकर्ताओं के पास बनवा लेंगे तो ठीक रहेगा। शनिवार के बाद किसी भी मतगणना अभिकर्ता पास जारी जिला प्रशासन की ओर से नहीं किया जाएगा।

### प्रत्याशियों की मौजूदगी में खुलेंगे स्ट्रांग रूम

**बहजोई, अमृत विचार :** एडीएम ने बताया कि सुबह को जैसे ही मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम खुलेंगे तो वहां स्ट्रांग रूम की सील जब खोली जाएगी तब वहां जितने भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे, उनकी मौजूदगी होगी। या उनकी ओर से अधिकृत मतगणना एजेंट वहां मौजूद रहेंगे। स्ट्रांग रूम खोलते समय वीडियोग्राफी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी 24 घंटे रहेगी। पारदर्शिता के साथ मतगणना होगा।

### मतगणना पूरी होने तक अभिकर्ता नहीं जा पाएंगे बाहर

**बहजोई, अमृत विचार :** एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि मतगणना के दिन अभिकर्ता को पास दिखा कर ही एंट्री दी जाएगी। एक बार मतगणना अभिकर्ता अपनी विधानसभा व टेबल पर पहुंच गए तो फिर उन्हें वहीं रहना होगा। मतगणना के समय कहीं भी घूमने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अपनी संभल लोकसभा की तीनों विधानसभाओं की उप निर्वाचन अधिकारी की टेबल पर जाकर जानकारी कर सकते हैं। कोई भी आपत्ति है तो वहां बता सकते हैं।

# 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, तपिश ने झुलसाया

## मुख्य मार्गों और बाजारों में रहा सन्नाटा, धूप व गर्म हवा से बाइक सवारों को हुई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में शुक्रवार को भी प्रचंड गर्मी रही। दोपहर में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लोगों ने गर्मी से बचाव के जतन किए, लेकिन राहत नहीं मिल सकी। इस बीच शहर से देहात तक छबील लगाकर ठंडा शरबत वितरित किया गया। लोगों ने शरबत पीकर कुछ राहत महसूस की।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही है। शुक्रवार सुबह से ही चिलचिलाती धूप में जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया। लोगों ने कामकाज शुरू किया, लेकिन माथे से पसीना टपकने लगा तो बेहाल हो गए। बाइक सवारों को ज्यादा परेशानी हुई, क्योंकि गर्म हवा चल रही थी। राहत पाने के लिए सिर और चेहरे पर कपड़े लपेटे और आंखों पर चश्मा लगाया फिर भी लोग दिक्कतों से जूझे। दोपहर में पारा चढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो लोग घरों में कैद हो गए। गली-मोहल्लों, मुख्य मार्गों और बाजारों पर सन्नाटा पसर गया। इस बीच पंखे और कूलर भी उम्मीद पूरी नहीं कर सके। शाम छह बजे तक चिलचिलाती धूप ने त्वचा को झुलसाया।


चौधरी सराय में राहगीरों को शरबत बांटते युवा ● अमृत विचार

### ठंडा शरबत पीकर मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार दोपहर कुछ सामाजिक लोगों ने छबील लगाकर ठंडा शरबत वितरित किया। चौधरी सराय चौराहा, फतेह उल्ला सराय, हिंदूपुरा खेड़ा, रिठाली, दीपा सराय, मुरादाबाद मार्ग पर छबील लगी। जहां राहगीरों को ठंडा शरबत बांटा गया। लोगों ने शरबत का सेवन करके थोड़ी राहत महसूस की। भीषण गर्मी में इस कार्य की सराहना की गई।

### उमस भरी गर्मी में घर से निकलना हुआ मुश्किल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शुक्रवार को तेज धूप के बीच लोग घर से निकलते ही बेहाल गए। लोगों का गला सूखने लगा। शीतल पेयजल पीकर लोग गला तर करते दिखे। शुक्रवार सुबह से ही सूर्यदेव आग उगलने लगे। सुबह 10 बजे तक धूप के बीच निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर तक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कोचिंग जाने वाली छात्राएं सिर को दुपट्टा आदि से ढक कर धूप से बचाव करती नजर आईं। गर्मी से बचने के लिए लोग खाने पर कम और शीतल पेय पदार्थ पर ज्यादा ध्यान रहे हैं। इससे कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, गन्ना के जूस के ठेलों व दुकानों पर ही लोगों की भीड़ दिखी। लोगों का बार-बार गला सूख रहा था और शीतल पेयजल पीकर लोग गला तर करते दिखे। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक मुख्य बाजारों में चहल पहल कम हो गई। दिन ढलने पर बाजारों में रौनक नजर आई। वहीं शाम को ही गली मोहल्लों में बच्चे खेलते नजर आए।


चन्दौसी के स्टेशन रोड पर धूप से बचाव कर कुछ इस तरह जातीं छात्राएं।

# गोठना और जड़वार के प्रधानों के वित्तीय, प्रशासनिक अधिकार सीज

संवाददाता, बहजोई/गुन्नौर

**कार्रवाई**
- वित्तीय अनियमितता पर दोनों ग्राम पंचायत के प्रधानों के खिलाफ की गई कार्रवाई
- पंचायत सचिव व रोजगार सेवक पर भी कार्रवाई करने के निर्देश

**अमृत विचार:** गुन्नौर विकासखंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव को वित्तीय अनियमितता को लेकर जांच में दोषी पाए जाने पर उनके वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज किए गए हैं। डीपीआरओ ने डीएम के आदेश पर त्रिस्तरीय जांच कमेटी गठित की है।

2022 जनवरी को विकासखंड गुन्नौर की पंचायत जड़वार के रामजस ने शिकायत की थी। बताया था कि गांव में कराए गए विकास कार्यों में बड़े स्तर पर धांधली की गई है। इसमें डीएम के आदेश पर जिला कृषि अधिकारी व भूमि संरक्षण अधिकारी ने जांच की। 16 दिसंबर 2023 को जांच के बाद ग्राम प्रधान को नोटिस जारी किया गया। इसमें 1,60,952 रुपये के वित्तीय अनियमितता पाई गई। प्रधान से स्पष्टीकरण मांगा गया। जवाब आने के बाद डीएम मनीष बंसल ने प्रधान वीरवती के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। इसकी अंतिम जांच के लिए डीडीओ को नामित किया है। इसके अलावा तकनीकी सहायक और पंचायत सचिव के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उधर, गुन्नौर विकासखंड की ही ग्राम पंचायत गोठना में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जांच रिपोर्ट सौंपी थी। 27 दिसंबर 2023 को आरोप पत्र जारी किया गया। इसमें प्रधान रोहदास व पंचायत सचिव को दोषी पाया गया। 13 मार्च 2024 को अंतिम जांच के लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए को नियुक्त किया जा चुका है। अब ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए।

# भट्ठा ठेकेदार के घर से तीन लाख का सामान चुराया

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी, जेवर सहित तीन लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। सुबह परिवार के लोगों को घर में चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। पीड़ित ने तहरीर देकर वारदात का खुलासे की मांग की है।

गांव पोटा निवासी ईंट भट्ठा ठेकेदार सुबहान अली के मकान में निर्माण के चलते मुख्य दरवाजा लगा हुआ नहीं है। गुरुवार रात नौ बजे सुबहान भीषण गर्मी के चलते अपनी पत्नी शरमीन व बच्चों के साथ मकान की छत पर जाकर सोने चले गए। देर रात किसी समय चोर घर में घुस आए और दो कमरों में रखी अलमारियों के ताला तोड़कर नकदी व जेवर आदि सामान चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह सुबहान व शरमीन ने छत से नीचे आकर कमरे में देखा तो अलमारियों के ताले टूटे दिखे। सोने-चांदी के जेवर के खाली बक्शे व अन्य सामान बिखरा पड़ा था।


बिखरा सामान दिखाती महिला।

शरमीन ने बताया कि चोर सोने का हार, कंगन, झुमके, झाले, बाली, अंगूठी व आधा किलो चांदी के जेवर, अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नकदी सहित तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। सुबहान अली ने तहरीर देकर सामान बरामद कर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बच्चों के विवाद में भिड़े दो पक्ष, तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। एक पक्ष के किराना स्टोर में घुसकर मारपीट की। इसमें पिता पुत्रों सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष के पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

गांव रुकनुद्दीन सराय में कल्लू के बच्चों का मोहल्ला के ही बच्चों से खेलने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। आरोप है कि देर रात दूसरे पक्ष के लोगों ने कल्लू के किराना स्टोर में तोड़फोड़ कर हजारों रुपये का सामान बर्बाद कर दिया। विरोध किया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने कल्लू, उसके बेटे नईम व मुस्तकीम को पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि गल्ले से 50 हजार रुपये की नकदी निकालकर हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के फरमान, मोबीन, अजीम, शुऐब, आमिर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शुक्रवार को फरमान, मोबीन, अजीम, शुऐब, आमिर का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# हीटवेव से किसान की जान गई

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत में काम करते समय हीट वेव की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


आराम सिंह।

कई दिनों से भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त है। शुक्रवार दोपहर हीट वेव के बीच गांव शाहजहांनाबाद निवासी किसान आराम सिंह (45) खेत में भिंडी की फसल की निराई कर रहे थे। दोपहर तीन बजे आराम सिंह की हालत बिगड़ी और मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने आराम सिंह को खेत में पड़ा हुआ देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन आराम को बबराला के निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने आराम को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि आराम सिंह की मौत लू लगने के कारण हुई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि लू लगने से किसान आराम सिंह की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गर्मी में चक्कर आने से छत से गिरकर बालक बेहोश

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में सात साल के बालक को तेज धूप में खेलते समय अचानक चक्कर आया। इससे वह प्राथमिक विद्यालय की छत से नीचे गिरकर बेहोश हो गया। नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय निवासी बिलाल अख्तर का सात वर्षीय बेटा फजले हक मोहल्ला में ही निजी स्कूल में यूकेजी का छात्र है। फजले गांव गोविंदपुर में अपनी मौसी गुलिस्ता पत्नी रहीस के घर गया था। शुक्रवार को वह मौसी के घर के पास प्राथमिक विद्यालय की छत पर अकेला खेल रहा था। गर्मी अधिक होने की वजह से उसे चक्कर आने लगे और स्कूल की छत से नीचे गिर वह बेहोश हो गया। काफी देर तक दिखाई नहीं दिया तो उसकी मौसी के बच्चों ने स्कूल की छत पर चढ़कर देखा। फजले हक धूप में जमीन पर बेहोश पड़ा था। सूचना के बाद स्कूल का ताला खुलवा कर रहीस भांजे फजले हक को लेकर गांव में निजी चिकित्सक के पास पहुंचे।


अस्पताल में भर्ती फजले।

### चुनाव ड्यूटी में गए होमगार्ड की हीट वेव से मौत

**बहजोई/संभल, अमृत विचार :** संभल जिले के होमगार्ड जवान की वाराणसी चुनाव में ड्यूटी के दौरान हीट वेव से मौत हो गई। बेटा परिजनों के साथ वाराणसी के लिए रवाना हो गया है। संभल जिले के होमगार्ड कंपनी चार में तैनात व बहजोई के गांव रफीपुर निवासी होमगार्ड वीरपाल सिंह यादव तीसरे चरण का चुनाव अपने जनपद में कराने के बाद चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हो गए थे। सातवें चरण में उनकी ड्यूटी वाराणसी के एक बूथ पर पोलिंग पार्टियों के साथ थी। बूथ पर पहुंचने के बाद हालत बिगड़ी और मौत हो गई। राजेश यादव ने बताया कि उनके पिता तीसरे चरण के बाद ही अपनी कंपनी के साथियों के साथ चुनाव कराने के लिए गए थे। वाराणसी में चुनाव के दौरान उनकी मौत हो गई है।


वीरपाल सिंह यादव।

## सार-संक्षेप

### फुंका ट्रांसफार्मर न बदलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा बिजली घर क्षेत्र के गांव सैंजना के लोगों ने शुक्रवार को विद्युत निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि सोमवार को घरों में बिजली की आपूर्ति करने वाला 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था। सूचना देकर ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की, लेकिन तीन दिन बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। बुधवार को 10 केवी का ट्रांसफार्मर भी जल गया। दोनों ट्रांसफार्मर जलने से दर्जनों घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जेई रामकुंवर ने बताया कि शुक्रवार रात तक 25 केवी का ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। एक दो दिन में 10 केवी के ट्रांसफार्मर को भी बदलवा दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान शफीक, राजाराम, जगदीश यादव, राजवीर सिंह, गफ्फार, शमशाद, निसार हुसैन, नरेशपाल यादव, कल्याण सिंह, वीर सिंह, किशनपाल, मनोज आदि शामिल रहे।

### आग बुझाने के इंतजाम नहीं, सीएमओ नाराज

**गुन्नौर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा सीएचसी पहुंचीं और सफाई व्यवस्था देखी। अस्पताल में मरीजों से दवा-उपचार के बारे में जानकारी ली। आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम न देख सीएमओ नाराज हुईं। व्यवस्थाओं के प्रति असंतुष्टि जाहिर कर सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन कुमार सिंह को व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में सफाई व्यवस्था, टीकाकरण, आपातकालीन कक्ष, वार्ड, पैथोलॉजी और उपस्थिति रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल में एक ही कूलर देख तत्काल व्यवस्था करने का अधीक्षक को निर्देश दिया। इस दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. अजहर अली, फार्मासिस्ट दीपक यादव आदि रहे।

### खरीदारी कर लौटते समय महिला का मोबाइल चोरी

**संभल अमृत विचार :** मानव अधिकार एसोसिएशन संभल के जिलाध्यक्ष सुमित रस्तोगी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि उनकी पत्नी मीनू रस्तोगी बेटी के साथ 29 मई को नगर के विशाल मेगा मार्ट में खरीदारी करने के बाद ई रिक्शा से घर लौटी। इस बीच मोबाइल चोरी हो गया। ई रिक्शा चालक भी पत्नी को उतारने के बाद तेजी से गया। पुलिस से मोबाइल नंबर को बंद कराने और मोबाइल को सर्विलांस पर लगवाने की मांग की है।

### नलकूप का सामान चोरी करने के आरोपी को पीटा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में नलकूप से सामान चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़कर गांव के लोगों ने जमकर पीटा। पंचायत में आरोपी से सामान की रकम वसूल कर उसे छोड़ा गया। दरियापुर राजदेव में दो दिन पहले चोरों ने कई किसानों के नलकूपों से सामान चोरी कर लिया था। इसके बाद से ही गांव के लोग चोरों को रंगे हाथ पकड़ने के प्रयास में लगे थे। गुरुवार दोपहर लोगों ने नलकूप के पास खड़े एक व्यक्ति को पकड़ लिया। इस व्यक्ति को सामान चोरी का आरोप बताते हुए उसकी जमकर पिटाई की। आरोपी व्यक्ति को पुलिस के हवाले करने की बात कही तो उसने चोरी किए गए सामान की कीमत देने की बात कही। इसके बाद इस व्यक्ति को छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है।

### पत्नी को सड़क पर गिराकर पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**बहजोई, अमृत विचार :** कहासुनी के बाद पति ने पत्नी के साथ बेरहमी की हदें पार कर दीं। पहले पत्नी को घर के अंदर पीटा और फिर सड़क पर गिराकर उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बहजोई नगर के मोहल्ला टंकी में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ घर के अंदर मारपीट की। इसके बाद वह पत्नी को घसीटते हुए घर से बाहर सड़क पर ले आया और फिर सड़क पर गिराकर उसे मारा पीटा। किसी ने पीटाई के दौरान वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल हुआ तो कोतवाली पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी गुलफाम पुत्र मलखान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आए दिन गुलफाम अपनी पत्नी के साथ नशे में आकर मारपीट करता रहता था। सीओ दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि महिला को पीटने का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर हो रहा था। इसकी जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।


पकड़ा गया आरोपी गुलफाम।

**समस्या** — मुख्य बाजार समेत कई क्षेत्रों में बिजली संकट गहराया, कारोबारी परेशान

# गर्मी में बिजली कटौती से कारोबार हो रहा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, संभल

- व्यापारियों ने उठाई समस्या का समाधान कराने की मांग

**अमृत विचार :** पारा 43 डिग्री पहुंचने के बीच आसमान से आग बरस रही है तो बिजली व्यवस्था भी धड़ाम हो गई है। शहर के मुख्य बाजार समेत दूसरे क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती होने से लोग परेशान हैं। बाजारों में कारोबार प्रभावित होने लगे हैं। बिजली नहीं आने पर इन्वर्टर भी जवाब दे रहे हैं। कई व्यापारियों को समय से पहले ही दुकानें बंद कर घर जाना पड़ा रहा है।

शहर में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा के आसपास दिन में 10 से 20 बार बिजली ट्रिपिंग होती है तो घंटों तक अघोषित कटौती की जा रही है। पुरानी तहसील से आगे बढ़ने पर मुख्य बाजार शुरू हो जाता है। यहां भी बिजली संकट गहरा गया है। गर्मी में ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं लेकिन दुकानें सुबह ही खुल जाती है। बिजली कटौती होती है तो इन्वर्टर के सहारे ही रहना पड़ता है।

शाम को लोग खरीदारी का मन बनाते हैं तो तब तक इन्वर्टर जवाब दे जाते हैं और उस वक्त बिजली नहीं होती। भीषण गर्मी में व्यापारी और लेबर दिक्कतों से जूझने के लिए मजबूर रहते हैं। व्यापारियों का कहना है कि गर्मी में बिजली की खपत बढ़ जाती है तो ओवरलोडिंग की समस्या रहती है। लेकिन, यह जिम्मेदारी विभाग की है कि वह सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराए। व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजार क्षेत्र में बिजली कटौती नहीं की जाए।



> बिजली की ट्रिपिंग से दिक्कत हो रही है। इस समय जरूरत के मुताबिक, बिजली नहीं आ रही। कई बार तो बिजली नहीं आने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दुकान भी जल्द ही बंद करनी पड़ जाती है। –अंकुश गांधी



> विद्युत निगम को चाहिए कि वह मुख्य बाजार में बिजली की सुचारू रूप से आपूर्ति कराए। बिजली नहीं आने की वजह से कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। पिछले दिनों तो बिजली के अभाव में बड़ी परेशानी हुई। –चीनू राधू



> मुख्य बाजार में मुश्किल से तीन से चार घंटे बिजली सुचारू रूप से आ रही है। बिजली ट्रिपिंग के कारण इनवर्टर चार्ज नहीं हो पाते। शाम को जल्द ही इनवर्टर जवाब दे जाते हैं। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। –योगेश मदान



> जब से गर्मी बढ़ी है तब से बिजली की दिक्कत सामने आ रही है। दो तीन दिन से बीच में एक डेढ़ घंटे के लिए बिजली चली जाती है। इससे समस्या रहती है। हालांकि पूर्व में बिजली व्यवस्था ठीक रही। –डॉ. रशिक अनवर

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में 87.90 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से मुंशी, मौलवी, आमिल, कामिल व फाजिल कक्षा के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें जनपद के 29 मदरसों के 1410 छात्र-छात्राओं में से 1294 ने सफलता पाई। जनपद के कुल 87. 90 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए।

मदरसों में 1472 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1410 ने परीक्षा दी थी। इसमें 1294 में परीक्षार्थी सफल हुए। मुंशी मौलवी में मदरसा बरसी उल उलूम बिलाल पथ की छात्रा तंजीम फात्मा 475 अंकों के साथ प्रथम, महर आलम व मोहम्मद तौहीद 471 अंकों के साथ द्वितीय, फरमान व ताज मोहम्मद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आमिल के छात्र सलमान तुर्क ने 401 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, फसीह उल्लाह के छात्र अंसार रिजवी ने 399 अंक पाकर द्वितीय, मदरसा अशरफिया निशा की छात्रा शिफा बिकार 397 अंक के साथ तृतीय रहीं। कामिल की परीक्षा में मदरसा जिया उल उलूम की छात्रा समन तैयबा 483 अंक पाकर प्रथम, मोहम्मद कमाल अशफाक 480 अंक पाकर द्वितीय, मदरसा जामिया पल बरकत लिल बना की छात्रा फौजिया 470 अंक प्राप्त कर तृतीय, फाजिल की परीक्षा में मदरसा सिराजुल उलूम की छात्रा फात्मा सलबा, छात्र अली वारिस, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद जमशेद 320 अंक पाकर प्रथम रहे।। छात्र मोहम्मद हमजा ने 319 अंक पाकर द्वितीय स्थान, रोशन अली ने 309 अंक पाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने सफलता पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

# जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वस्तुत: जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।



जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## प्रसंगवश

# ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

# कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

## सोशल फोरम

# एक स्वस्थ्य समाज के लिए

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

# ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

> एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

# गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर क्षेत्र में चन्दौसी-मुरादाबाद रोड स्थित ग्रीन चन्दौसी के पास शुक्रवार दोपहर वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव बनियाखेड़ा निवासी पुष्पेंद्र पुत्र भीकन ई-रिक्शा चलाक है। शुक्रवार को पुराना बाईपास शिवा ढाबा के निकट स्विमिंग पूल में नहाने गया था। दोपहर तीन बजे बाइक से घर लौट रहा था। ग्रीन चन्दौसी सोसायटी के निकट पहुंचा। तभी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में पुष्पेंद्र घायल हो गया।

### सीढ़ी फिसलने से गिरी महिला चोटिल

**संभल, अमृत विचार :** गांव फूलसिंघा निवासी शरीफ की पत्नी नाजमा शुक्रवार सुबह 10 बजे मकान में लगे स्लिप पर रखी संदूक से रुपये निकाल रही थी। तभी फर्श पर लकड़ी की सीढ़ी फिसल गई। इससे नाजमा जमीन पर गिरकर चोटिल हो गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और नाजमा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिला की हत्या कर शव खेत में फेंका

## काजी बेहटा, अल्लीपुर बुजुर्ग की घटना, फॉरेसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- प्रेम प्रसंग और लूट की आशंका के बीच हत्या करने का शक जताया


खेत में मिले महिला के शव को एंबुलेंस में रखवाते पुलिसकर्मी।



**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव काजी बेहटा, अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा में महिला की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंक दिया। प्रेम प्रसंग के चलते गला दबा कर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। फॉरेसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। एसपी और एएसपी ने घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ की है।

एएसपी श्रीशचंद्र के मुताबिक, चन्दौसी में हनुमानगढ़ी बस्ती निवासी पन्नालाल की पुत्री प्रीति (22) का शव गांव काजी बेहटा व अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव मार्ग पर प्रेमपाल दिवाकर के गन्ने के खेत में मिला। शव दो दिन पुराना होने पर फूल गया था। गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस की जांच में महिला की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आ रही है। बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे महिलाएं घास काटने खेत में पहुंचीं तो यहां शव दिखाई दिया। इससे महिलाएं डर गईं और वे गांव लौट आईं। उन्होंने लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व एएसपी श्रीशचंद्र मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद फॉरेसिंक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एएसपी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। शीघ्र हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**मायके से 12 किमी दूर है घटनास्थल:** हनुमानगढ़ी में महिला के मायके से घटनास्थल 12 किलोमीटर दूर है। महिला इतनी दूर कैसे पहुंची और उसकी हत्या किसने और क्यों की। पुलिस इन सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

बताया गया कि हनुमानगढ़ी निवासी पन्ना लाल राजमिस्त्री है। उन्होंने अपनी पुत्री प्रीति की शादी छह माह पहले उधमसिंह नगर के थाना किच्छा निवासी अजय कोरी के साथ की थी। प्रीति 20 मई को अपने मायके आई थी। बुधवार सुबह 11 बजे वह बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। वह शाम तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने परिचित व रिश्तेदारों के यहां से जानकारी ली। गुरुवार को पिता ने कोतवाली में पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह उसका शव मिला। परिजनों के मुताबिक, वह बाजार जाने की बात कहकर घर से गई थी। उसकी किसी से रंजिशन नहीं थी। लूट के उद्देश्य से भी हत्या करने की बात भी सामने आ रही है। पुलिस सभी पहलुओं के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर भी जांच कर रही है।

## 40 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली पुलिस ने 40 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में तीन माह से वांछित चल रहे बदायूं जिले के एक व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

बदायूं के मोहल्ला कृष्णा पार्क कालोनी निवासी ज्योति मेंहदी रत्ता ने उझानी निवासी मोहित माहेश्वरी के साथ साझेदारी में शराब की दुकान को खोलने के लिए जनवरी माह 2022 में 40,08,879 रुपये सिक्योरिटी के रूप में जमा किए थे। सिक्योरिटी के रुपयों को शराब की दुकान का अनुबंध समाप्त होने के बाद जनवरी माह 2023 में वापस किया जाना था, लेकिन मोहित माहेश्वरी ने रुपये वापस नहीं किए। आरोप है कि बात बढ़ी तो मोहित माहेश्वरी ने ज्योति मेंहदी रत्ता को 897535 हजार रुपये का चेक दिया। ज्योति मेंहदी रत्ता ने जब भुगतान के लिए चेक बैंक में जमा किया तो पता चला कि मोहित माहेश्वरी का बैंक अकाउंट बंद है। जनवरी माह में ज्योति मेंहदी रत्ता किसी काम से कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बरेली सराय आए थे।

## सार-संक्षेप



पीएचसी में तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने की शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी व तीमारदार।

### पीएचसी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। पीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट देवेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को तम्बाकू सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। सभी को तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया। तंबाकू सेवन न करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह फार्मासिस्ट, शिल्पी कुमारी स्टाफ नर्स, नेत्रपाल मोर्या लैब टेक्नीशियन तथा सत्येंद्र कुमार शर्मा, गौरव शर्मा, संजीव, रिंकू, हेम सिंह, प्रेम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं व वादकारियों का गला किया तर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को तहसील परिसर में स्टॉल लगा कर शरबत वितरण किया गया। अधिवक्ताओं और वादकारियों ने शरबत पीकर गला तर किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि गर्मी के कारण समिति की ओर से पांच दिनों तक शरबत वितरण का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि समिति समाज हित के अनेक कार्यों में भाग लेती है। केजी गुप्ता ने कहा कि जल से जीवन चलाता है। प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने बताया कि तहसील क्षेत्र में दो दिन और शरबत वितरण किया जाएगा। डॉ. जयशंकर दुबे समेत अधिवक्ताओं में बाबू लाल, संजय सक्सेना, मलखान सिंह, शीश पाल सिंह, सत्यपालसिंह, हरिओम, चरण सिंह, हरज्ञान सिंह, रत्नेश भारती, पवन कुमार शर्मा, महेश चंद्र भारती, प्रमोद दिवाकर आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। वीरेंद्र सिंह, नेत्रपाल सिंह, जगदीश बाबू, कुंवरपाल सिंह, ठाकुर केपी सिंह, संजय कुमार, तुषार का सहयोग रहा।

### धारदार हथियार से युवक पर हमला, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोलागंज निवासी परवेज ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे वह घर के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले के दो भाई आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने अपने दो अन्य भाइयों को बुला लिया और घर में घुस आए। घर में हमलावरों ने मारपीट की। तभी एक हमलावर ने पीछे से कंधे पर धारदार हथियार से वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हमलावरों से उसे बचाया। परिजन घायल को कोतवाली लेकर पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया है।

### सभासद ने की नालों की सफाई कराने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड 22 के सभासद अनुराग अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने नालों की सफाई कराने की मांग की है। सभासद का कहना है कि उनके वार्ड के फड़याई बाजार तिराहा से मोहल्ला गोपाल होते हुए मोहल्ला सेमरटोला नाले तक एक अंडर ग्राउंड नाला जा रहा है। इस नाले से नगर का करीब 30 प्रतिशत पानी बड़े नाले में पास होता है। इस समय नाला कूड़े से भरा गया है। बारिश का मौसम नजदीक आ रहा है। इससे पहले नाले की सफाई कराई जाए। यदि सफाई नहीं हुई तो बारिश के दिनों में मोहल्ला गोपाल, दर्जियान, डिस्पेंसरी रोड, शेखान, धोबियान, कायस्थान, बूढ़ी माता, सेमर टोला आदि क्षेत्र जलमग्न हो जाएगा।

### कल बदले जाएंगे पुराने तार, बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**संभल, अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा आरडीएसए योजना के तहत 11 केवी एसडीएम कोर्ट फीडर के पुराने तार बदलने का काम दो जून को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस अवधि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य के चलते शिव कॉलोनी, रेतना मंडी, स्टेट बैंक, विशाल मेगा मार्ट, एसडीएम कोर्ट, नई तहसील, क्षेम नाथ तीर्थ रोड, जेके अपटाउन, शंकर कोल्ड स्टोरेज, लवर प्वाइंट, न्यू शहजादी सराय क्षेत्र प्रभावित होंगे। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की।

### चक मार्ग पर कब्जा करने का आरोप, तहरीर दी

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव बरखेडा सौनक निवासी राजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि खेत पर जा रहे चक मार्ग को गांव के ही व्यक्ति ने मिट्टी उठवाकर अपने खेत में मिला लिया है। आरोप है कि इस बात की शिकायत राजेंद्र सिंह ने व्यक्ति से की तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो धमकी देते हुए व्यक्ति ने उसे भगा दिया। राजेंद्र सिंह ने रास्ते की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर व्यक्ति के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** एकेडमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग स्कूल में लिटिल आर्किड द्वारा छात्र छात्राओं की इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें कपिल यादव, डिंपल और प्रीत गिरि ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि उत्कर्ष और केशव द्वितीय रहे। लिटिल आर्किड की संस्थापक मोनिका शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारती है। एकेडमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग स्कूल के संस्थापक विजय कुमार गोयल ने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि जीवन में हार जीत मायने नहीं रखती। इस दौरान प्रधानाचार्य मोहित शर्मा, उर्विजा दीक्षित, तबस्सुम, रजनी, तंजीला, सारिका, सौरभ कांत, फैजान, मनोज शर्मा, अनुराग, राजेश, समरीन, शाजिया आदि रहे।

## अहिल्याबाई न्याय करते समय नहीं करती थीं भेदभाव

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। कहा कि न्याय करते समय वह भेदभाव नहीं करती थीं और व्यक्ति से लेकर पशुओं तक का दर्द समझती थीं। गांव बराही में सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के कैंप कार्यालय में शुक्रवार को अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम हुआ।

जिलाध्यक्ष ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि वह मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी थीं। महाराष्ट्र सरकार ने अहमद नगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर कर दिया था। यह महारानी अहिल्याबाई के नाम पर रखा गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुभाष चंद्र, जिला उपाध्यक्ष केपी सिंह, हाजी अकबर, फय्याज प्रधान, रियासत हुसैन सैफी, डॉ.सफदर, राहुल यादव, हाजी इरशाद सलमानी, अहसान सैफी, कादिर हुसैन, डॉ. जरीफ, मेहंदी अंसारी आदि रहे।

# मैं साधारण सी दिखती नारी की महिमा गाती हूं...

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



चन्दौसी में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते मानव कल्याण सेवा समिति के सदस्य।

- अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी

**अमृत विचार:** विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ वाटिका में भारतीय मानव कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इस दौरान काव्य गोष्ठी में कविताओं के माध्यम से उनके देश हित में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कुमारी व डॉ. वीरेश कुमार, डॉ. मोहनलाल पाल ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। समिति के प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल ने कहा 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चांडी (वर्तमान अहमदनगर) गांव में जन्मी अहिल्याबाई होल्कर को भारतीय इतिहास की सबसे बेहतरीन महिला शासकों में से एक माना जाता है।

वह एक ऐसी भारतीय रानी थीं, जिसने न सिर्फ समाज सुधार बल्कि राजनिति और रणभूमि में भी गौरव हासिल किया। डॉ. वीरेश कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई बचपन से ही बहुत तेज दिमाग वाली थीं। उनके पिता भी हमेशा उन्हें ज्ञान-ध्यान की बातें सिखाते थे। अहिल्याबाई गांव में सभी की मदद करती थीं। काव्य गोष्ठी में शायर विनीत आशना ने पंक्तियों से कमी आ जाएगी क्या यार कुछ तेरे खजाने में, जरा-सी बात करने में जरा-सा मुस्कराने में।

कवयित्री डॉ. दुर्गा टंडन ने सुनाया कि मैं साधारण सी दिखती नारी की महिमा गाती हूं, नारी क्या-क्या हो सकती है सबको आज बताती हूं। शायर हिमाशु भारद्वाज ने कुछ यूं पढ़ा कि शत्रु सम्मुख घुटनों पर गिर जीवन पाना भी ठीक नहीं, ऐसे मरने से पहले ही तो मर जाना भी ठीक नहीं। कवि डॉ. जयशंकर दुबे ने सुनाया कि एक जुझारू अहिल्या न होती, महिला जाति शर्मसार होती। इस दौरान शकुंतला देवी, हरीश कठेरिया, मुनेश धनगर, मोहित कुमार, विक्रम सिंह, रोशन लाल, दिनेश चंद्र चीनी, शैलेंद्र कुमार वार्ष्णेय, सतीश कुमार दुबे, बीना वार्ष्णेय, दुर्गेश पाल, बृजेंद्र प्रसाद तिवारी, सुशील भोलेनाथ, राजेश पाल, चंद्रपाल सिंह आदि रहे।



अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

### अहिल्याबाई ने संभल में कराया श्री कल्कि मंदिर का निर्माण

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर असमोली क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू में हुए सम्मेलन में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद बाइक रैली निकाली गई। गांव मतावली पट्टी जग्गू में हुए सम्मेलन की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म व समाज के लिए एतहिासिक कार्य किए। अपने राज्य की सीमा में ही नहीं, बल्कि देशभर में मंदिरों व धर्मशालाओं का निर्माण कराया। शिक्षा के लिए अनेक शिक्षण संस्थान खुलवाए। महारानी ने संभल में श्री कल्कि मंदिर का भी निर्माण कराया। बाद में भाजपा जिलाध्यक्ष ने बाइक पर बैठकर रैली का आरंभ किया। यह रैली विभिन्न गांवों में घूमी। इसमें हिस्सा लेने के लिए युवाओं में उत्साह नजर आया। इस दौरान अरविंद पाल, मनोज पाल, सोनू चाहल, विनित पाल, योगेश पाल, राजेन्द्र पाल, पूर्व प्रधान सोमपाल सिंह आदि रहे।

# निजी खातों में डाले 85 लाख तीन सचिवों पर गिरेगी गाज

**संवाददाता, बहजोई**

> वारीपुर भमरौआ ग्राम पंचायत में राज्य वित्त निधि व केंद्रीय वित्त निधि के तहत खर्च की गई धनराशि का भुगतान निजी व्यक्तियों के खातों में किया गया है। जांच में मामला सही पाया गया। पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को निर्देश दिए गए हैं।
> – भरत कुमार मिश्रा, सीडीओ

**अमृत विचार:** संभल विकासखंड क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में तीन सचिवों ने एक ही व्यक्ति के खाते में लाखों रुपये का भुगतान कर दिया। जांच में खुलासा हुआ तो सीडीओ ने तीनों सचिवों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पंवासा निवासी स्वयंसेवी संगठन के सदस्य भुवनेश सिंह ने सीडीओ भरत कुमार मिश्रा से शिकायत की थी। बारीपुर भमरौआ में पंचायत के खाते से 2021-22 में केंद्रीय वित्त से 19,25,498 रुपये, राज्य वित्त से 22,67,376 रुपये का भुगतान किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में केंद्रीय वित्त से 20,029,29 रुपये, राज्य वित्त से और 12,89,601 रुपये पंचायत सचिव सलीम अली ने एक निजी व्यक्ति के खाते में भुगतान किया। सलीम ने ही वित्तीय वर्ष 2023- 24 में राज्य वित्त की निधि से 30,70, 372 रुपये का भुगतान किया। सचिव उमेश कुमार ने राज्य वित्त से 4,28,778 रुपये और सचिव पवन कुमार शर्मा ने 2,83,932 रुपये का भुगतान किया। एडीपीआरओ चेतेंद्रपाल सिंह की जांच में पाया कि मोहम्मद औवेस और नेकपाल सिंह के खाते में धनराशि का भुगतान किया है। सीडीओ ने डीपीआरओ को तीनों पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**संभल, अमृत विचार :** गांव बबैना में अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा ने अहिल्याबाई होल्कर जयंती हर्षोल्लास से मनाई। कार्यक्रम में पाल समाज के हाईस्कूल एवं इंटर में उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड व पत्र देकर सम्मानित किया गया। बुजुर्ग एवं रिटायर्ड व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज की उन्नति संभव नहीं है। इस बात को ध्यान में रखकर समाज के लोग अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कसर न छोड़ें। इस दौरान चंद्रपाल सिंह एडवोकेट, मुख्य वक्ता डॉ.बाल किशन के अलावा दिनेश पाल इंशा, टीपी सिंह, मुंशी महावीर सिंह, वीरेंद्र पाल, सुशील पाल, कामेंद्र पाल, सतपाल, योगेश पाल, धर्मवीर पाल, रामगोपाल, सुखवीर पाल, अमर सिंह बाबू रहे।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

**संवाददाता, बबराला**


बबराला में अहिल्याबाई के रूप में सजी छात्रा का तिलक करते चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय।

**अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

नगर व आसपास क्षेत्र के धनगर, पाल समाज ने नगर में कई कार्यक्रम आयोजित किए। सुबह यज्ञ हुआ। अहिल्याबाई होल्कर की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने बजरंगी के स्वरूप को तिलक लगा और पूजन करके किया। पुराने रामलीला मैदान से बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा में पाल समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रास्ते में ठंडा पेय, शरबत और पेयजल के स्टाल लगाए गए। चामुंडा मंदिर रोड, राजघाट रोड, इंदिरा चौक, मुख्य बाजार रेलवे रोड, अनूपशहर रोड से होते हुए शोभायात्रा रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न हुई। डॉ. सोपाली सिंह पाल, दिगंबर पाल, कृपाल सिंह, हरिसिंह, दिगेंद्र पाल, रामदास पाल, राधेश्याम, महेंद्र पाल, प्रेम चंद पाल और अजय पाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

### कुशल शासक थीं अहिल्याबाई

**बबराला अमृत विचार :** धनगर, पाल समाज की ओर से अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू यादव ने कहा कि वह कुशल शासक, सरलता व सादगी की प्रतिमूर्ति सच्ची सेविका थीं। चेयरमैन ने कहा कि अहिल्याबाई ने सनातन धर्म के लिए जीवन बिता दिया।

**बार चुनाव** | सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ चन्दौसी बार एसोसिएशन का निर्वाचन

# अध्यक्ष चुने गए मोहम्मद नजर और सचिन सचिव

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**


बार अध्यक्ष की जीत पर खुशी मनाते समर्थक।


बार सचिव के साथ खुशी मनाते अधिवक्ता।

**अमृत विचार:** चन्दौसी बार एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार को जिला न्यायालय के बार रूम में शांति पूर्ण ढंग से हुआ। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे मतदान हुआ। मतगणना में अध्यक्ष पद पर मोहम्मद नजर कुरैशी व सचिव सचिन गोयल ने जीत हासिल की। जीत के बाद समर्थकों ने उनका स्वागत कर खुशी का इजहार किया।

चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर दो, सचिव पद पर दो, कोषाध्यक्ष पद पर तीन व उपाध्यक्ष कनिष्ठ खंड के दो पदों पर चार प्रत्याशियों का चुनाव संपन्न कराया गया। 724 मतदाताओं में से 703 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में सबसे पहले कोषाध्यक्ष रंजना शर्मा ने 365, नितिन प्रताप सिंह ने 258, नीरज कुमार 68 मत हासिल किए। 12 वोट निरस्त हुए। रंजना ने अपने प्रतिद्वंदी नितिन प्रताप सिंह को 95 मतों से शिकस्त दी। उपाध्यक्ष कनिष्ठ खंड के पदों पर विक्रम सिंह चौहान को 382, अंबर कुमार को 246, कुशल पाल सिंह को 273, सचिन कुमार को 178 मत मिले। सात वोट निरस्त किए गए। विक्रम सिंह व अंबर कुमार को विजयी घोषित किया गया। सचिव पद पर सचिन गोयल को 508 व राजवीर सिंह को 188 मत मिले। सचिन ने 313 मतों से विजय हासिल की। अंत में अध्यक्ष पद का रिजल्ट घोषित किया गया। इसमें मोहम्मद नजर कुरैशी को 493 व महेश सिंह यादव को 203 मत मिले।

मोहम्मद नजर कुरैशी ने अपने प्रतिद्वंदी को 283 मतों से हराया। उधर, चुनाव के चलते अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारी भी पल-पल की जानकारी लेते रहे। मतदान के दौरान सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने भी मौका मुआयना किया। फोर्स के साथ तैनात प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह से चुनाव की जानकारी ली। परिणाम घोषित होने के बाद तक पुलिस कर्मी तैनात रहे।


सेवानिवृत होने पर सीडीओ भरत कुमार मिश्रा को स्मृति चिह्न देतीं महिला कर्मचारी।

# अधिकारी व कर्मचारियों ने सीडीओ को दी विदाई

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** संभल जिले के सीडीओ भरत कुमार मिश्रा सेवानिवृत हो गए। कार्यकाल के आखिरी दिन उन्होंने पूरे दिन कार्यालय में बैठकर काम किया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्मृति चिह्न देकर उन्हें विदाई दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम मनीष बंसल, एडीएम प्रदीप वर्मा, विकास विभाग के डीडीओ रामाशीष, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओएस बेदराम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने विकास विभाग में किए गए कार्यों को लेकर उनकी सराहना की। इस दौरान एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एसडीएम वंदना सिंह रहीं।

**खोया-पाया**

मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0530355 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। गुलाम शाहिद S/o लईक अहमद निवासी ब्लाक टी० सराय काले खां दक्षिण दिल्ली।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2004 अनुक्रमांक 0557341 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0471883 के प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। मनोज कुमार S/o रमेश सिंह निवासी वार्ड न०-1 रमपुरा रुद्रपुर उधमसिंह नागर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र रवि उम्र लगभग 22 वर्ष गलत संगत में पड़ गया है। मेरे पास जमीन नहीं है। ढकिया गाँव में एक मकान है जिसका गाटा सं० 196 हैं जिसका क्षेत्रफल 320 वर्ग फुट है। जिसका मैं मालिक हूँ और उस पर काबिज हूँ। मैं अपने बड़े पुत्र रवि से परेशान होकर उसे अपनी सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का रवि से कोई वास्ता नहीं है। अगर भविष्य में वह कोई गलत काम करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। पुलिस मुझे परेशान न करें। रामवीर पुत्र राम किशन नि० ग्रा० ढकिया तह० शाहबाद थाना शाहबाद जिला रामपुर (उ०प्र०)

**सीधी भर्ती**
**पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.**
में कुल 6222 रिक्त पदों पर

| ग्रुप-A-375 (स्नातक) | ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट) | ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल) |
|---|---|---|

वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।
संपर्क हेतु : pashuswasthyasm@gmail.com

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न सीमायुक्त "पीली कोठी"सिविल लाइंस मुरादाबाद के 1/2 भाग में मेरा 1/9 भाग है। इस सम्बंध में दो वाद संख्या 413/2024 श्रीमती अंजू कपूर प्रति सौरभ मेहता आदि तथा दूसरा वाद संख्या 512/2024 श्रीमती अंजू कपूर प्रति उ.प्र.राज्य आदि न्यायालय मान्नीय सिविल जज (सी.डि.)महोदय मुरादाबाद में विचाराधीन है जिनमें 09.07.2024 सुनवाई हेतु नियत है। उक्त सम्पत्ति में मेरे भाग का कुरा अलग किए बिना सौरभ मेहता आदि द्वारा बेचा जाना विधि सम्मत नहीं है। अतः जो भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को मेरी लिखित सहमति और मेरी बिना जानकारी के खरीदेगा वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। निम्न चर्तुसीमायुक्त भवन पीलीकोठी क्षेत्रफल 1214.10 वर्गमीटर स्थित पूर्व राजस्व ग्राम छावनी, (जो नगर निगम सीमा के अर्न्तगत है) नगर व जिला मुरादाबाद पूर्व – सडक सरकारी, पश्चिम– आवास विकास कालोनी, उत्तर–सडक सरकारी कांठ रोड, दक्षिण आवास विकास कालोनी मुरादाबाद।

सूचनादाता
श्रीमती अंजू कपूर पुत्री स्व.श्री नरोत्तम दास मेहता पत्नी श्री पशुपति कपूर निवासनी एफ–8, टी.डी.आई.सिटी रामगंगा विहार, नगर व जिला मुरादाबाद



# किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

## भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

### यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4 .79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर



- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

### 75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

### 11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96 .8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

### डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

**39** करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

**100** करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

### ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

# बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार**। सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

### मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस



- पाटलिपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

### काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा



- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद



- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

### अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी



- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

# पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

### 11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

# पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

**अमृत विचार**। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।



- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

# सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

- **सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में**

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

## कैबिनेट मंत्री पर हमले के सभी आरोपियों को मिली जमानत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान हमला हो गया था। इस मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित सभी आरोपियों को एक माह बाद गुरुवार को न्यायालय ने जमानत दे दी।

खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद के पुत्री की 21अप्रैल को शादी थी। वैवाहिक समारोह में डाक्टर संजय निषाद भी शामिल होने पहुंचे थे। इसी बीच द्वारपूजा के बाद जयमाल कार्यक्रम के दौरान वे वरवधु को आशीर्वाद देने पहुंच गए। मंत्री स्टेज के सामने बैठ कर गांव वालों से चर्चा कर ही रहे थे कि तभी कुछ लोग शिकायत लेकर पहुंचे। इसी शिकायत को लेकर विवाद काफी बढ़ गया। इस विवाद में हाथापाई के दौरान कैबिनेट मंत्री की नाक पर चोट लगने से वह घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# एनटीपीसी, सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट और गहराया

## यूपी समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है। इससे पूर्व अनपरा और पारीछा की इकाईया भी ठप हो गईं थी।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।



ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

### 29,129 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 29,129 मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड की गई। लगातार बिजली की मांग बढ़ने से एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है। पर स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं।

## मेरठ में मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में लगी आग

**मेरठ, एजेंसी :** मेरठ के लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थिएटर में शुक्रवार सुबह आग लग गई जिससे एक करोड़ रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय ऑपरेशन थिएटर में मरीज या चिकित्सक मौजूद नहीं थे। सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंच गई और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 से आठ बजे के बीच गायनी (महिला रोग विभाग) के ऑपरेशन थिएटर में लगे एसी में चिंगारी उठने के कारण आग लगी। प्राचार्य ने कहा कि हादसे की जांच के लिए उन्होंने एक कमेटी गठित की है। जांच में यदि कोई मेडिकल कर्मी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी समेत 6 लोग गैंगस्टर व हत्या में दोषी करार, 3 को सुनवाई

- सभी को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह लोगों को कोर्ट ने गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई तीन जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया था। गोगा ने यह बात अपने घर बताई। इसके बाद श्रीकृष्ण तिवारी(भाजपा नेता), रामकृष्ण तिवारी (वर्तमान में कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी),राजन उर्फ़ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय कुमार गुप्ता और उनके पिता श्याम सुंदर गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये। परिवारीजनों ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट घायल श्याम सुंदर के पिता अयोध्या कुमार ने सभी के खिलाफ हमला, हत्या ,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। प्रशासन ने भी सभी आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया।

## मथुरा में शातिर बदमाश पुलिस अभिरक्षा से फरार

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के महाबन क्षेत्र से पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर बदमाश शुक्रवार सुबह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बीती रात 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था मगर वह कुछ ही समय पुलिस की गिरफ्त में रहा और शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब बदमाश चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष महाबन इंसपेक्टर आशा के अनुसार आज उसे एक्स रे के लिए अस्पताल के एक्स रे रूम में ले जाया गया था। पुलिस को चकमा देकर वह वहीं से भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि जिले के शेरगढ़ थाने के मई गांव निवासी मनोज उर्फ उत्तम ने 25 मई की देर शाम महाबन थाना क्षेत्र में एक 60 वर्ष से अधिक आयु की महिला को कहीं जाने के लिए लिफ्ट दिया था। वह उसे किसी सुनसान इलाके पर ले गया था जहां पर उसने महिला के साथ बलात्कार किया था और लूट भी की थी।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज के भर्तियों का विज्ञापन निरस्त किया

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ में जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, अब्स्टेट्रिक्स एंड गॉयनेकोलॉजी, फिजियॉलॉजी, नेफ्रोलॉजी व बॉयोकेमेस्ट्री विभागों के लिए प्रोफेसर्स की भर्ती सम्बंधी 1 दिसम्बर 2023 के विज्ञापन को निरस्त कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने डॉ. संजय कुमार भट व पाँच अन्य याचियों की याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि उक्त विज्ञापन के जारी किए जाने से पूर्व आरक्षण की प्रक्रिया ही नहीं लागू की गई। याचियों की ओर से यह भी दलील दी गई कि रोस्टर इस तरह से बनाया गया है कि वे स्वयं आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। यह भी कहा गया कि क्रिटिकल कोर यूनिट में अढॉक के टीचर से काम चलाया जा रहा है। मामले में 6 फरवरी को ही आदेश पारित करते हुए, न्यायालय ने भर्तियों को अपने अंतिम आदेशों के आधीन कर लिया था।

### दुष्कर्म के दोषी की सजा को किया कम

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा को संशोधित करते हुए उसे 14 साल के सश्रम कारावास में बदल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने गौरव यादव उर्फ फड़का की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि दोषी ने पहली बार अपराध किया है और उसके सुधार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। याची को वर्ष 2017 में विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी अधिनियम, आगरा द्वारा दोषी पाया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जिसे चुनौती देते हुए याची ने वर्तमान अपील दाखिल की। अभियुक्त के अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों का सावधानीपूर्वक अवलोकन नहीं किया है। पीड़िता का खुद वापस आना, अपनी मां को बिना जगाए उनके बगल में सो जाना बहुत ही अस्वाभाविक है, साथ ही रिकॉर्ड पर ऐसा कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है, जिससे पता चले कि पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया था। हालांकि कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की गवाही और तर्कों को सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि अभियुक्त की मां सब्जी बेचने वाली बेहद गरीब महिला है तथा अपीलकर्ता अपने परिवार का अकेला कमाने वाला सदस्य है। ऐसे में उसे सुधार का एक अवसर देना उचित है।

### चाइनीज मांझे से अधेड़ की गर्दन कटी, दर्दनाक मौत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार :** शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाकर बाइक से घर वापस जा रहे एक अधेड़ की गर्दन में हाईवे पर मांझा फंस गया, जिसके उसकी पूरी गर्दन कट गई और बाइक सहित गिर पड़ा। तत्काल आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार अंतर्गत मऊ वासत निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष अपनी पुत्री को परीक्षा दिलाने के लिए बालामऊ गया था। बाइक से वापस आते समय हाईवे पर भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के निकट उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया और पूरी गर्दन कट जाने की वजह से श्रवण कुमार मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया। पिता की हालत देख उसकी बेटी रोने चीखने लगी, जिसको सुनकर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल राहगीरों ने घायल श्रवण कुमार को ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लू से बचाव को जरूरी प्रबंध करने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान हीटवेव व लू से मतदान कार्मिकों के प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छाया, पीने का पानी, पंखे, बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों के बैठने के लिए कतार में कुर्सियां व स्कूल बेंच आदि की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल पर हीटवेव से बचाव के लिए पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मात्रा में ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पैरामेडिक कर्मी भी तैनात किये जाएं।

## हेड कांस्टेबल और ड्राइवरों का प्रमोशन न होने पर पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब-तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल, ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दारोगा पद पर पदोन्नत न करने के संबंध में पुलिस विभाग से जवाब-तलब करते हुए पूछा कि याचियों को अभी तक उप- निरीक्षक के पद पर पदोन्नत क्यों नहीं किया गया जबकि याचियों से जूनियर बैच के आरक्षीगण सिविल पुलिस में उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं।

उक्त प्रकरण में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीआईजी स्थापना/कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक्स, उत्तर प्रदेश से 8 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मालूम हो कि इलाहाबाद, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, बांदा, मिर्जापुर व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवर व मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उप-निरीक्षक ड्राइवर व उप-निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति की मांग की है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में दाखिल सभी 18 याचिकाओं की पोषणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति द्वारा सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत दाखिल याचिका पर महीनों से चल रही सुनवाई के बाद शुक्रवार को फैसला सुरक्षित कर लिया गया है। उम्मीद है कि ग्रीष्मावकाश के बाद हाईकोर्ट खुलने के साथ ही फैसला आ सकता है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष हो रही थी।

हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल सभी 18 याचिकाओं में एक ही प्रार्थना की गई थी कि मथुरा में कटरा केशव



देव मंदिर के साथ 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटा दिया जाए। इसके अलावा याचिकाओं में शाही ईदगाह मस्जिद का श्रीकृष्ण जन्मभूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा मौजूदा ढांचे को गिराने की मांग शामिल थी। मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तर्क दिया कि लंबित अधिकांश मुकदमों में वादी भूमि के स्वामित्व का अधिकार मांग रहे हैं जो 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह के प्रबंधन के बीच हुए समझौते का विषय था, जिसके तहत विवादित भूमि को विभाजित किया गया और दोनों समूहों को एक-दूसरे के क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया।

मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान कहा कि वादी न तो श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं और न ही बनारस के राजा पटनीमल, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय, गोस्वामी गणेशदत्त और भीखनलाल के वंशज हैं। किसी भी सिविल वाद में इनके वंशजों को पक्षकार भी नहीं बनाया गया है। हिंदू पक्षकारों का दावा है कि श्रीकृष्ण लला विराजमान का विधिक अस्तित्व है। वह उनके भक्त हैं,इसलिए उन्हें वाद दाखिल करने का अधिकार है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण के अध्यक्ष व मंदिर पक्षकार आशुतोष पांडेय ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा था।

उन्होंने आगे कहा कि 13 एकड़ जमीन लड्डू गोपाल की है। इसे कोई न बेच सकता है और न कोई इस जमीन का समझौता कर सकता है। यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम दर्ज है। सरकारी रिकॉर्ड में कहीं भी शाही ईदगाह के नाम कोई भी जमीन नहीं है। मौजूदा मामले की शुरुआत वर्ष 2020 में अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री और सात अन्य लोगों ने मिलकर मथुरा सिविल कोर्ट में एक मुकदमा दाखिल करने के साथ की।

# कानपुर : बंगले में मिले दो सगी बहनों के शव

- सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल की बुआ थी दोनों

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** काकादेव थानाक्षेत्र में पांडुनगर स्थित इंद्रा पार्क के पास शुक्रवार दोपहर एक बंगले की दूसरी मंजिल पर फर्श पर दो सगी वृद्ध बहनों के शव पड़े मिले। रोज की तरह सब्जी विक्रेता सब्जी देने के लिए उन्हें बुलाने गया तो दरवाजा अंदर से बंद था।

दरवाजे में लगे शीशे से अंदर झांका तो शव पड़े होने का पता चला। सब्जी विक्रेता ने घटना की सूचना प्रथम मंजिल में रहने वाले उनके भतीजे को दी। बंगले की पहली मंजिल पर रहने वाले आलोक सिंह चंदेल ने पुलिस को बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर उनके भाई सपा नेता रहे स्व. पुष्कर सिंह चंदेल के परिवार में पत्नी अपर्णा और बेटे रोहन और नैंसी के साथ रहती हैं। प्रथम मंजिल पर वह अपनी पत्नी अर्पिता और बेटे हर्ष और समर के साथ रहते हैं। पिता चंद्रवीर सिंह चंदेल का इसी वर्ष फरवरी में निधन हो गया था। पिता की दो बहनें 73 वर्षीय प्रेमा चंदेल और 71 वर्षीय सुमन चंदेल अविवाहित थीं और दूसरी मंजिल पर रहती थीं। शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे उन लोगों ने ऊपर जाकर दरवाजा तोड़ा तो स्व. चंदेल की दोनों बुआ के शव मिले।

## अमेठी में कंटेनर की टक्कर से कार में सवार तीन बच्चों की मौत

**अमेठी, एजेंसी :** जिले के कमरौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तड़के एक कंटेनर की टक्कर से कार सवार तीन बच्चों की मौत हो गयी और अन्य कई घायल हो गये। शुक्रवार को तड़के बीएचईएल गेट के सामने रेलवे क्रॉसिंग बन्द होने से कई गाड़ियां खड़ी थीं। लखनऊ की तरफ से तेज गति से आ रहे कन्टेनर ने पीछे खड़ी कार में इतनी जोर से टक्कर मारी कि कार समेत आगे खड़ी करीब आधा दर्जन अन्य गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पिछली कार में सवार चार बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान तीन बच्चों की मौत हो गई। सभी सुलतानपुर जिले के हैं।

# धर्मांतरण बिना भी विवाह कर सकते हैं अंतरधार्मिक जोड़े : हाईकोर्ट

- विशेष अधिनियम के तहत किया जा सकता है अंतरधार्मिक विवाह

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण की आवश्यकता के बिना अंतर धार्मिक जोड़े को विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह करने की अनुमति देते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कानून किसी अंतरधार्मिक जोड़े को धर्म-परिवर्तन की आवश्यकता के बिना विशेष विवाह अधिनियम के तहत कोर्ट मैरिज के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है।

कोर्ट ने माना कि विशेष विवाह अधिनियम, 1954 विभिन्न धर्मों के लोगों को विवाह के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। इस कानून के तहत कोई भी अपना धर्म बदले बिना दूसरे धर्म के व्यक्ति के साथ विवाह कर रह सकता है। न्यायमूर्ति ज्योत्स्ना शर्मा की एकलपीठ ने हापुड़ के पंचशील नगर में लिव-इन जोड़े को सुरक्षा प्रदान करते हुए ये आदेश दिया। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि समझौते के माध्यम से विवाह कानून में अमान्य है, लेकिन कानून धर्मांतरण के बिना भी ऐसे जोड़ों को विवाह की अनुमति देता है जो बिना धर्म परिवर्तन किए दूसरे धर्म के व्यक्ति के साथ वैवाहिक जीवन बिताना चाहते हैं।

## वर्ग पहेली-87

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।

3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।

4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।

6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।

7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।

3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा

4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।

5. देवताओं का राजा, इंद्र।

6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -86 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## सुडोकू -166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू -165 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07 .24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05 .04 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03 .16 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष:** आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

**मिथुन:** आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क:** आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

**कन्या:** आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

**तुला:** आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

**धनु:** आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है,लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

**मकर:** आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

**मीन:** आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 10 .00
खेल — शाम : 05 .40

SONY MAX
सैटेलाइट शंकर — सुबह : 10 .10
भूल भूलैया 2 — शाम : 06 .15

SONY PIX
द रैड 2 — सुबह : 12 .34
65 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
थैंक गॉड — सुबह : 10 .44
सूर्यवंशी — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
कल हो न हो — दोपहर : 02 .02
चैन्नई एक्सप्रेस — रात : 09 .21

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता – पेपर कैसा गया?
बेटा – पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा – बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शनिवार, 1 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 मूंग छिलका: 95 से 105 मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सोने में 50 रुपये की तेजी, चांदी की कीमत 500 रुपये हुई कम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 50 रुपये की बढ़त के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये टूटकर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बृहस्पतिवार को यह 96,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### अडाणी समूह के शेयरों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को तेजी रही। अमेरिका की ब्रोकरेज कंपनी जेफरीज की अडाणी एंटरप्राइजेज सहित समूह की चार कंपनियों के शेयर खरीदने की सिफारिश से इसकी सूचीबद्ध कंपनियों को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से 84,122 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। अडाणी टोटल, पावर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयरों में उछाला आया।

# 6.2 प्रतिशत रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

## आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई। दूसरी ओर देश के सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

### सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वर्ष सुधरकर जीडीपी के 5.63% पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है।

### वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी: मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया। मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आसानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है।

# रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर 88.70 लाख का जुर्माना लगाया

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान बैंक के खिलाफ आरोप पाए गए।

### टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ का जुर्माना लगाया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,900 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

# विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

### भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

**मुंबई।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

# मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

## राष्ट्रीय

# देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

## केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा-इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

### 31 मई तक घटकर रही गई है 30 प्रतिशत क्षमता



सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

### भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

**इंफाल।** चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

# योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

## एक नजर

### अदालत ने की नीरव माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

**इंदौर।** लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया,"व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# ईडी को 7 जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में 7 जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी।

विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

### रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला



# किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

# अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

# भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

### दिल्ली सरकार ने अधिक पानी की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 1 जून 2024
www.amritvichar.com

# विश्व कप





# होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

## अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच



फाइल फोटो

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

### वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

### अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका



**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

### हमें हालात को समझना होगा : रोहित

**न्यूयॉर्क।** नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे । रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

### लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

**काठमांडू।** नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

| ग्रुप ए | ग्रुप बी | ग्रुप सी | ग्रुप डी |
|---|---|---|---|
| भारत | इंग्लैंड | न्यूजीलैंड | दक्षिण अफ्रीका |
| पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | श्रीलंका |
| आयरलैंड | नामीबिया | अफगानिस्तान | बांग्लादेश |
| कनाडा | स्कॉटलैंड | युगांडा | नीदरलैंड |
| यूएसए | ओमान | पापुआ न्यू गिनी | नेपाल |

### टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

| दिनांक | मुकाबले | शहर |
|---|---|---|
| 1 जून | यूएसए बनाम कनाडा | डलास |
| 2 जून | वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | गुयाना |
| | नामीबिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 3 जून | श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | अफगानिस्तान बनाम युगांडा | गुयाना |
| 4 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| | नीदरलैंड बनाम नेपाल | डलास |
| 5 जून | **भारत बनाम आयरलैंड** | **न्यूयॉर्क** |
| | पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुयाना |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 6 जून | यूएसए बनाम पाकिस्तान | डलास |
| | नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| 7 जून | कनाडा बनाम आयरलैंड | न्यूयॉर्क |
| | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | गुयाना |
| | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | डलास |
| 8 जून | नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | बारबाडोस |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा | गुयाना |
| 9 जून | **भारत बनाम पाकिस्तान** | **न्यूयॉर्क** |
| | ओमान बनाम स्कॉटलैंड | एंटीगुआ |
| 10 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | न्यूयॉर्क |
| 11 जून | पाकिस्तान बनाम कनाडा | न्यूयॉर्क |
| | श्रीलंका बनाम नेपाल | फ्लोरिडा |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | एंटीगुआ |
| 12 जून | **यूएसए बनाम भारत** | **न्यूयॉर्क** |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड | त्रिनिदाद |
| 13 जून | इंग्लैंड बनाम ओमान | एंटीगुआ |
| | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | सेंट विंसेंट |
| | अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| 14 जून | यूएसए बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा | त्रिनिदाद |
| 15 जून | **भारत बनाम कनाडा** | **फ्लोरिडा** |
| | नामीबिया बनाम इंग्लैंड | एंटीगुआ |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | सेंट लूसिया |
| 16 जून | पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | बांग्लादेश बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सेंट लूसिया |
| 17 जून | न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| | वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान | सेंट लूसिया |
| 19 जून | ए2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| | बी1 बनाम सी2 | सेंट लूसिया |
| 20 जून | सी1 बनाम ए1 | बारबाडोस |
| | बी2 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| 21 जून | बी1 बनाम डी1 | सेंट लूसिया |
| | ए2 बनाम सी2 | बारबाडोस |
| 22 जून | ए1 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| | सी1 बनाम बी2 | सेंट विंसेंट |
| 23 जून | ए2 बनाम बी1 | बारबाडोस |
| | सी2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| 24 जून | बी2 बनाम ए1 | सेंट लूसिया |
| | सी1 बनाम डी2 | सेंट विंसेंट |
| 26 जून | **सेमीफाइनल-1** | गुयाना |
| 27 जून | **सेमीफाइनल-2** | त्रिनिदाद |
| 29 जून | **फाइनल** | **बारबाडोस** |

## खेल डायरी

### नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

### अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

**लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)।** मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

# फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात



आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

**पेरिस, एजेंसी**

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया



**ओवल, एजेंसी**

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले कर चुकीं टिकट पक्कता
- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने वासिल सेबोटारी को हराया

**बैंकॉक, एजेंसी**

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

## क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारी अंकुशिता बोरो

**बैंकॉक।** अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

# सेमीफाइनल में पहुंची त्रिशा-गायत्री

**सिंगापुर ओपन**



**कल्लांग, एजेंसी**

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।



- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

## कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी



**वाशिंगटन।** भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

# बूंद-बूंद पानी को तरसा मानव कंठ

पेयजल की समस्या आज दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय है। स्वच्छ पेयजल तक पहुंच न होना कई देशों में स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का कारण बनता जा रहा है। यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है, लेकिन विकसित देशों में भी जल प्रदूषण और जल स्रोतों की कमी एक चिंता का विषय बना हुआ है... आईए जानते है इसके कारण और निवारण के विषय में...



## मुख्य समस्याएं



- **जल की कमी :** शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की प्राकृतिक उपलब्धता कम होती है। जलवायु परिवर्तन से बारिश के क्रम में बदलाव आ रहा है, जिससे दबाव बढ़ रहा है।
- **जल प्रदूषण :** उद्योगों के अपशिष्ट, उर्वरक व कीटनाशकों का उपयोग और सीवेज का जल स्रोतों में मिलना मुख्य कारण है।
- **अपर्याप्त जल आपूर्ति :** कई स्थानों पर जल आपूर्ति की प्रणाली काफी पुरानी और खराब है। जल आपूर्ति और जल शोधन में निवेश की कमी से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** दूषित जल से हैजा, डायरिया, व टाइफॉइड जैसे रोग होते हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ रही है।

## समाधान

- **जल संरक्षण :** हमें बारिश के पानी को तकनीक का प्रयोग कर संग्रहित करना चाहिए। ड्रिप इरिगेशन और अपशिष्ट जल का शोधन और पुन: उपयोग करना चाहिए।
- **प्रदूषण पर नियंत्रण :** उद्योगों के अपशिष्ट जल का शोधन, उचित सीवेज प्रणाली और संयंत्रों की स्थापना, कीटनाशकों का संयमित उपयोग कर जल बचाया जा सकता हैं।
- जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार : उन्नत तकनीक, जल आपूर्ति और शोधन प्रणालियों में निवेश और सख्त नीतियों से आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।
- जन जागरूकता : लोगों को जल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में शामिल करने से जल संरक्षण के कार्य में सुधार हो सकता है।

## संकटग्रस्त क्षेत्र

- महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में अनियमित बारिश, और जल प्रबंधन की कमी से सूखा पड़ता है।
- तमिलनाडु के चेन्नई में भूजल स्तर में गिरावट और जल निकायों का अपर्याप्त संरक्षण।
- राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क है, जहां प्राकृतिक जल स्रोतों की कमी, उच्च तापमान, और अपर्याप्त वर्षा से पानी की कमी।
- उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपर्याप्त बारिश, जल संचयन की कमी और भूजल के दोहन से जल संकट से परेशान है।
- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना व गुजरात भी भूजल में गिरावट से प्रभावित हैं।
- पंजाब-हरियाणा में अत्यधिक कृषि से भूजल स्तर में गिरावट आई है।
- भूजल स्तर में गिरावट और जल प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली भी पेयजल संकट से परेशान है।

## एक नजर

### मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

**ब्रातीस्लावा।** स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

### झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

### नोएडा के आवासीय सोसायटी के बाजार में लगी आग

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुक्रवार को एक बहुमंजिला आवासीय सोसायटी के बाजार की एक दुकान के बाहर आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली जोडिएक में लगी आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद बाजार के भूतल में एक किराने की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लग गई। इस घटना में कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

## यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।



- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

### ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

### जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

**बर्लिन।** जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह जाएंगे चीन

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग से वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के लिए खाका तैयार करेंगे।

## पुणे कार दुर्घटना

# बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने एक नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। उसने तेज रफ्तार लग्जरी कार से मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों - अश्विनी कोष्ठा और अनीश अवधिया को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी। विशाल अग्रवाल (50) को 27 मई को देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके पिता सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग आरोपी की मां शिवानी वी. अग्रवाल भी अब अपने बेटे के खून की रिपोर्ट की अदला-बदली की जांच के सिलसिले में पुलिस की रडार पर आ गई हैं, जिसे जाहिर तौर पर गंभीर अपराध के आरोप से उसे बचाने के लिए बदला गया था।



### पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जांच के लिए किशोर न्याय बोर्ड से अनुमति मांगी

**पुणे।** पुणे पुलिस ने रक्त नमूनों को लेकर आए नये मोड़ के बीच इस दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग के खिलाफ जांच की अनुमति लेने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त 'पोर्श' कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। आरोपी को पांच जून तक संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि हमने जेजेबी को पत्र लिखकर इस मामले में नाबालिग के खिलाफ जांच करने की अनुमति मांगी है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

# अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किया हमला

वाशिंगटन, एजेंसी

- यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों को किया गया ध्वस्त

लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर इस सैन्य अभियान की जानकारी दी। अमेरिका ने यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों में आठ मानवरहित हवाई यान पर भी हमला किया, जो अमेरिकी और उसकी साथी सेनाओं के लिए खतरा माने जा रहे थे। इस वर्ष 12 जनवरी के बाद से यह पांचवीं बार है जब अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया है। बहरहाल, अमेरिका विद्रोहियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए लगभग रोजाना हमले कर रहा है, जिसमें जहाजों को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमले को रोकना भी शामिल है।

हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले तेज किये हैं। विद्रोही इजराइल से गाजा में युद्ध की समाप्ति की मांग कर रहे हैं, जिसमें 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गये हैं।

## दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

# सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को हराया। फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाये। बृहत का चैम्पियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए। आयोजकों ने कहा कि बृहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन। अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है। बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया।



- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार किए अर्जित

# 50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।




- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

### समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यावरणविद्द चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।